वर्ष- 21 अंक - 238 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, बुधवार 11 फरवरी 2026

# ट्रेड डील से आई खुशखबरी लिस्ट से हटी दाल

नई दिल्ली ● एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील की फैक्टशीट जारी किए जाने के महज एक दिन बाद ही अमेरिका ने इसमें पहले लागू की गई शर्तों में चुपचाप संशोधन भी किया है, जो भारत के लिए राहत भरा है। इससे अहम बात यह है कि डील के तहत भारत द्वारा 500 अरब डॉलर के अमेरिकी सामानों की खरीदारी की शर्त को प्रतिबद्धता (कमिटीड) के बजाय अब इरादा या योजना में तब्दील कर दिया गया है। मतलब ये बाध्यकारी नहीं है। डील के तहत लागू प्रोडक्ट कैटेगरी की लिस्ट से कृषि शब्द को हटाया गया है। कुछ वस्तुओं, जिनमें कुछ दालें भी शामिल हैं, उन्हें टैरिफ कट सूची से दूर कर दिया गया है।



## कनाडा स्कूल में ताबड़तोड़ फायरिंग

### हमलावर सहित 10 की मौत 25 से ज्यादा घायल

**कोलंबिया.एजेंसी।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक हाई स्कूल में हुई ताबड़तोड़ गोलीबारी से हड़कंप मच गया। इस दर्दनाक घटना में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि हमलावर भी मारा गया। 25 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। मृतकों में स्कूली छात्र हैं या नहीं इसका खुलासा नहीं हुआ। इस स्कूल में 175 छात्र पढ़ते हैं। यह गोलीबारी प्रांत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के पीस इलाके में स्थित टम्बलर रिज सेकेंडरी स्कूल में हुई।

## अब वंदे मातरम् भी अनिवार्य

**नई दिल्ली.एजेंसी। केंद्र सरकार ने आधिकारिक मौकों पर वंदे मातरम् के छह अंतरा वाले संस्करण को बजाना या गाना अनिवार्य कर दिया है, जिसकी कुल अवधि 3 मिनट और 10 सेकंड होगी। यह नियम राष्ट्रीय ध्वज फहराने, कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, उनके भाषणों या राष्ट्र के नाम संबोधन से पहले और बाद में लागू होगा। इसके साथ ही, राज्यों के राज्यपालों के आगमन और उनके भाषणों से पहले और बाद में भी इसी निर्धारित अवधि और संस्करण का पालन करना जरूरी किया गया है। सरकार के इस आदेश का मकसद आधिकारिक प्रोटोकॉल के तहत राष्ट्रीय गीत के सम्मान और उसकी प्रस्तुति में एकरूपता सुनिश्चित करना है।**

## न्यूज़ ब्रीफ...




### इंडिया को झटका अभिषेक शर्मा अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को पेट में संक्रमण की समस्या के चलते दिल्ली के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। भारत को कल नामीबिया के खिलाफ अपना लीग मुकाबला दिल्ली में खेलना है, लेकिन अभिषेक शर्मा खेल पाएंगे या नहीं इसको लेकर सस्पेंस बना हुआ है। बताया जाता है कि अभिषेक शर्मा और टीम इंडिया के अन्य खिलाड़ी गौतम गंभीर के घर डिनर में पहुंचे थे, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण अभिषेक सबसे पहले यहां से निकल गए।

### बम धमाके की धमकी के बाद सभी स्कूल बंद

**मोहाली.एजेंसी।** पंजाब के मोहाली में बम धमाकों की धमकी के बाद सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया। सुबह-सुबह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी आई थी।

### पाक रक्षा मंत्री ने कहा अमेरिका ने हमें टॉयलेट पेपर की तरह इस्तेमाल किया

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने रणनीतिक हितों के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और फिर उसे 'टॉयलेट पेपर से भी बदतर' हालत में छोड़ दिया। आसिफ ने माना कि जिहाद के नाम पर लिए गए फैसलों की भारी कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है।

### 15 साल के भतीजे को लेकर घर से भागी चाची

**गोरखपुर.एजेंसी।** गोरखपुर के पीपीगंज क्षेत्र में रहने वाले कक्षा 9 के 15 वर्षीय छात्र को उसकी 35 वर्षीय चाची भगाकर ले गई। बाद में पुलिस ने बच्चे के साथ चाची को पकड़ा, लेकिन चाची अपने भतीजे से शादी करके साथ रहने पर अड़ी रही।

### बाबरी मस्जिद के निर्माण का काम शुरू

**मुर्शिदाबाद.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव रखने के दो महीने बाद आज इसके कंस्ट्रक्शन का काम शुरू हो रहा है।

## केन बेतवा लिंक परियोजना से पीड़ित लोगों ने किया पथराव

**छतरपुर.एजेंसी।** मध्य प्रदेश में केन बेतवा लिंक परियोजना से विस्थापित ग्रामीणों ने देर रात सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के सामने विरोध-प्रदर्शन किया। छतरपुर में एसडीएम कार्यालय के बाहर जमा आक्रोशित लोगों ने पत्थरबाजी भी की। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस प्रशासन को बल प्रयोग करना पड़ा। हालात बेकाबू होने पर वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया गया।

## डिवाइडर तोड़ दूसरे लेन में घुसी कार, 6 दोस्तों की मौत

**दौसा.एजेंसी।** राजस्थान के दौसा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 6 दोस्तों की मौत हो गई। ये सभी 6 दोस्त एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर हाईवे पर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में जा घुसी, जहां सामने से आ रहे एक अज्ञात ट्रेलर ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। सभी मृतक एक ही गांव कालाखो के रहने वाले थे और आपस में गहरे दोस्त बताए जा रहे हैं।



## अब सलमान के रिश्तेदार को धमकी

**मुंबई.एजेंसी।** फिल्म निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग की घटना के बाद अभिनेता रणवीर सिंह को धमकी मिली और अब सलमान खान के एक करीबी रिश्तेदार को भी धमकी मिली है। ये रिश्तेदार भी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उसे ईमेल के जरिए धमकी मिली है और करोड़ों रुपए की मांग की गई है। धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया है।

## सोना-चांदी में उछाल

**बुधवार.एजेंसी।** सराफा बाजार आज तेजी के साथ खुला। चांदी 6700 रुपए महंगी होकर 2.60 लाख प्रति किलो पर आ गई। वहीं सोना 1500 रुपये चढ़कर 1.58 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

## सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस लेकिन मेयर बना भाजपा का

### उद्धव गुट ने चंद्रपुर में कर दिया खेला

चंद्रपुर ● एजेंसी

महाराष्ट्र के चंद्रपुर नगर निगम में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा, जहां सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद वह महापौर पद हासिल नहीं कर सकी। उसकी सहयोगी शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) ने अचानक बीजेपी का समर्थन कर दिया, जिससे बीजेपी की संगीता खंडेकर एक वोट से महापौर चुनी गईं और शिवसेना (उद्धव गुट) के प्रशांत दानव उपमहापौर बने। 66 सदस्यीय नगर निगम के चुनाव में कांग्रेस 27 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। बीजेपी को 23 सीटें मिली थीं। शिवसेना (उद्धव गुट) ने छह, भारतीय शेतकरी कामगार पक्ष ने तीन और वंचित बहुजन आघाड़ी ने दो सीटें जीती थीं। एआईएमआईएम बहुजन समाज पार्टी और शिवसेना को एक-एक सीट मिली थी। दो निर्दलीय भी चुने गए थे।

## एयरपोर्ट की कुर्सी पर श्वान



**बेंगलुरु.एजेंसी।** एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा के चलते बिना टिकट आम आदमी प्रवेश नहीं कर सकते, लेकिन बेंगलुरु के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की कुर्सी पर एक आवारा श्वान सोते हुए दिखाई दिया।

# चतुर्थ पुण्यस्मरण

**सदा आपके आशीषों की छाया है, स्नेह आपका सदा सभी ने पाया है,**
**साथ बिताये पल लगता है कितने कम हैं, आपके बिछड़ने से आज भी हमारी आंखे नम हैं...**



प्रभुमिलन - 11 फ़रवरी 2022

## स्व. श्री योगेन्द्र यादव (बबलू भैय्या)

**बिछड़ गए हो बीच राह में, दिलों से नहीं जा पाओगे, आँखों में आँसू हैं गम के, उम्र भर याद आओगे...**
**चतुर्थ पुण्यस्मरण पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि**

### पुण्यतिथि पर किये जाने वाले सेवाकार्य

• मिसनरी ऑफ चेरेटी (चिड़िया घर के पास) भोजन प्रसादी • महिला उत्कर्ष संस्थान वृद्धाश्रम पर भोजन प्रसादी
• निःशक्तजन आधार वेलफेयर सोसायटी आसरा (स्कीम नं. 51) में मंदबुद्धियों को भोजन प्रसादी
• मानव सेवा ट्रस्ट (पोलोग्राउण्ड) में भोजन प्रसादी • महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ (स्कीम नं. 54) में भोजन प्रसादी
• दी नेशनल एसोसिएशन फार ब्लाईंड (स्कीम नं. 54) पर भोजन प्रसादी
• संपूर्ण वयोम वेलफेयर फाउंडेशन (स्कीम नं. 51 के पास) पर भोजन प्रसादी • आस्था वृद्धजन सेवा आश्रम, इलेक्ट्रानिक कॉम्प्लेक्स, सुखलिया, इंदौर पर सुबह का नश्ता • श्रद्धानंद बाल आश्रम, कोठारी मार्केट मे भोजन प्रसादी
• उन्मुक्त आनंद मानव सेवा संस्था, कॉलानी नगर में भोजन
• जीवनशाला आश्रम, विर्सजन आश्रम खण्डेलवाल नगर, आजाद नगर रोड़, नवलखा पर भोजन एवं मिठाई का वितरण
• MHT हॉस्पिटल में कम्बलो का वितरण • मोनीबाबा आश्रम में स्कूल के बच्चो को नाश्ता

श्रद्धावनत

**श्रेयांश इंडस्ट्रीज एवं समस्त यादव परिवार बाणगंगा-इन्दौर**

# भाजपाइयों ने पितृ पुरुष उपाध्याय की दोनों प्रतिमा पर किया माल्यार्पण







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा के पितृ पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय की आज पुण्यतिथि अवसर पर दोनों प्रतिमाओं पर माल्यार्पण का आयोजन किया। आयोजन के लिए दोनों जगह बापट चौराहा और विष्णुपुरी स्थित प्रतिमा पर अलग-अलग भाजपाइयों को जिम्मेदारी विधानसभा अनुसार दी गई थी। विष्णुपुरी प्रतिमा पर तुलसीराम सिलावट, सुमित मिश्रा, पुष्यमित्र भार्गव, मालिनी गौड़, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, सुदर्शन गुप्ता, रजत गर्ग, मदन प्रजापत, विजय मलानी, घनश्याम शेर, सचिन बंसल एवं बापट चौराहा स्थित प्रतिमा पर महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, दीपक जैन टीनू, राजेन्द्र राठौर, भूपेन्द्र केसरी, मनोज मिश्रा सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे। भाजपा की मातृशक्तियां भी दोनों जगह मौजूद रही। 11-11 लाख के चेक से हुई सहयोग निधि राशि की शुरूआत

## दो मंडल ने भी दिए 5-5 लाख के चेक

आज विष्णुपुरी स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष अलग-अलग विधानसभाओं से 11-11 लाख के चेक आने की शुरूआत समर्पण निधि राशि चेक से हुई। सांवेर विधानसभा से तुलसीराम सिलावट, विधानसभा 4 से मालिनी गौड़, राऊ से मधु वर्मा और विधानसभा 3 से गोलू शुक्ला ने 11-11 लाख रु. के चेक भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा को दिए। वहीं देपालपुर और निपानिया मंडल से 5-5 लाख की राशि के चेक भी मंडल अध्यक्ष ने सौंपे। इस तरह आज 54 लाख रु. के चेक 4 विधायकों और दो मंडल अध्यक्षों ने नगर अध्यक्ष को सौंपे और एक बड़ी शुरूआत आजीवन निधि की हो गई।




## भाजपा महिला मोर्चा का बजट और महिला संवाद कार्यक्रम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा महिला मोर्चा ने आनन्द मोहन माथुर सभागृह में महिला संवाद और बजट पर चर्चा का आयोजन किया, जिसमें केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, पुष्यमित्र भार्गव, सुमित मिश्रा, मालिनी गौड़, कंचन गिदवानी, पूजा पाटीदार, अंजू माखीजा, आलोक दुबे, शैलजा मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे। अर्जुन अवार्ड जीतने वाली आरती पाल का भाजपा द्वारा सम्मान किया गया। 11 हजार रु. की राशि भी दी गई।**

## संगोष्ठी का आज शाम आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व मंत्री लक्ष्मणसिंह गौड़ की स्मृति में आज शाम 6 बजे से लता मंगेशकर आडिटोरियम वीआईपी परस्पर नगर में हिन्द रक्षक द्वारा संगोष्ठी का आयोजन राष्ट्रवाद से मेरी अस्था विषय पर किया गया है। प्रमुख वक्ता अश्विनी उपाध्याय होंगे।




## केन्द्रीय मंत्री ने की बजट पर चर्चा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, भाजपा महिला प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बजट पर मीडिया से चर्चा की। बजट को नागरिकों के सपने, आकांक्षाओं और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट बताया। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और उद्यमी के सशक्तिकरण की स्पष्ट दिशा दिखाता है। यह बजट युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला है, किसानों के विश्वास को मजबूत करने वाला है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट भी बताया।

## नेत्र परीक्षण शिविर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व मंत्री लक्ष्मणसिंह गौड़ की स्मृति में आज भाजपा मंडल द्वारा शहीद भगतसिंह गार्डन नार्थ राजमोहल्ला में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



## गौड़ प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व मंत्री लक्ष्मणसिंह गौड़ की आज पुण्यतिथि पर महूनाका स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण का आयोजन किया गया। विधानसभा 4 से जुड़े नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मालिनी गौड़, तुलसीराम सिलावट, गोलू शुक्ला, एकलव्यसिंह गौड़, मदन प्रजापत, गोकुल करोड़े, रमेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## पूर्व विधायक पटेल ने करवाई अनिका को हेलीकॉप्टर में सैर





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मासूम अनिका की गंभीर बीमारी के चलते 9 करोड रुपए का एक इंजेक्शन उसे लगना है, इसके लिए अनिका के परिजन रुपये एकत्रित कर रहे है। शहर के लोगों ने इसमें सहयोग दिया है। वही पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने मासूम के लिए सहयोग देकर उसे हेलीकॉप्टर में सैर करवाई। पीएम श्री पर्यटन योजना के अंतर्गत पटेल ने अनिका को एमपी टूरिज्म और भारत ट्रांस की मदद से जॉय राइड करवाई।

# महापौर की चौपाल में टंडन के उद्बोधन को सभी ने गोर से सुना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि




इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। छात्र राजनीति से लेकर बड़ी राजनीति लम्बे समय तक करने वाले प्रमोद टंडन केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी माने जाते हैं। वे कभी कांग्रेस में तो कभी भाजपा में और फिर कांग्रेस में आने के बाद घोषणा कर चुके हैं कि वे किसी दल में नहीं है, लेकिन आज सुबह टंडन अहिल्या उद्यान विष्णुपुरी की महापौर चौपाल में पहुंचे और वहां उन्होंने उद्बोधन दिया तो महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, अभिषेक शर्मा बबलू, सुनीता-सुनील हार्डिया के अलावा अधिकारी भी उनकी बातों को गोर से सुनते रहे। राजनीति के मंजे हुए टंडन बोलने में भी माहिर है। महापौर ने विष्णुपुरी के अलावा पिपलियापाला में भी आज चौपाल लगाई और अपनी चौपाल की आज से शुरूआत भी की। नागरिकों ने क्षेत्र में अतिक्रमण, उद्यान विकास, श्वान की समस्या, विद्युत पोल से झाड़ियों की छंटाई, ड्रेनेज लाइन आदि के संबंध में अपनी समस्या बताई और इसके तुरंत निराकरण के निर्देश दिए गए।

# नगर निगम सीमा की जमीनों को सुरक्षित करने का काम आईडीए ने किया शुरू

## सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर तार फेंसिंग कर हटाए अतिक्रमण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण ने सार्वजनिक उपयोग की जमीन को अतिक्रमण होने से बचाने के लिए अभियान शुरू किया था जिसकी शुरुआत पूर्व नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव द्वारा की गई थी। उन्होंने आइडिए के साथ मिलकर नगर निगम सीमा में आने वाली सार्वजनिक उपयोग की भूमियों को सुरक्षित करने के लिए योजना बनाई थी। इस योजना पर फिलहाल प्राधिकरण की सभी स्कीमों के बड़े प्लांट को सुरक्षित करने का काम किया जा रहा है। शुरुआत न्यू लोहा मंडी निरंजनपुर से की गई जिसमें 40000 स्क्वायर फीट के दो बड़े प्लांट को कब्जा मुक्त एवं सुरक्षित करने में प्राधिकरण को सफलता मिली है। दोनों ही प्लांट पर बाउंड्री वॉल तार फेंसिंग करके बनाई जा रही है। इस जमीन पर पहले बस्ती बसाने की कोशिश हो रही थी जिसको नाकाम करते हुए नगर निगम द्वारा कब्जे हटाने की कार्रवाई की गई।

वर्तमान में शहर की सफाई को ध्यान रखते हुए नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने भी इस अभियान को जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा है की पूरी नगर निगम सीमा में सरकारी जमीनों और सार्वजनिक उपयोग की जमीनों को चिन्हित कर उनका उपयोग नागरिकों के लिए सुविधाएं विकसित करने में किया जाए। जमीन खुली एवं लावारिस पड़ी रहने के कारण कब्जे के प्रयास किए जाते हैं। हालांकि नगर निगम अतिक्रमण होने पर सख्ती से हटा रहा है। उन्होंने बताया कि खाली प्लाट पर बड़ी संख्या में सीएनडी वेस्ट मलबा पड़ा हुआ था जिसको साफ किया गया है। शहर के सभी खाली प्लाट जहां तार फेंसिंग और बाउंड्री वॉल नहीं है वहाँ बाउंड्रीवाल बनाई जाएगी। इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ परीक्षित झाड़े ने बताया कि नगर निगम द्वारा इंदौर विकास प्राधिकरण के भूखंड धारको की सूची मांगी गई थी जो जल्द ही निगम को सौंप दी जाएगी इसके अलावा ऐसे भूखंड जिन पर भवन का निर्माण नहीं किया गया है उन्हें प्राधिकरण की ओर से नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्हें खाली प्लॉट पर बाउंड्री वॉल बनानी होगी साथ ही कचरा डंप नहीं किया जाए यह सुनिश्चित भी करना होगा। यह काम नगर निगम के साथ मिलकर किया जा रहा है।

---

### कॉलेज के पास से दो तस्कर गिरफ्तार

# सवा लाख की ब्राउन शुगर बरामद

**इंदौर। शहर में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदौर क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास नशा सप्लाई करने की फिराक में थे। आरोपियों के कब्जे से करीब 10.46 ग्राम अवैध मादक पदार्थ 'ब्राउन शुगर' जब्त की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपये आंकी जा रही है।**



क्राइम ब्रांच की टीम शहर में संदिग्धों की तलाश कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एसजीएसआईटीएस कॉलेज के सामने सार्वजनिक शौचालय के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े हैं। पुलिस टीम ने जब मौके पर दबिश दी, तो दोनों युवक घबराकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें रोका और पूछताछ की। तलाशी के दौरान उनके पास से 10.46 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सौरभ सोनकर और गौरव मालवीय के रूप में हुई है, दोनों पालदा क्षेत्र के निवासी हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गौरव स्नातक (ग्रेजुएट) तक पढ़ा-लिखा है और गाड़ी चलाता है, जबकि सौरभ 11वीं तक पढ़ा है और हम्माली का काम करता है। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि उन्होंने कम समय में अधिक लाभ कमाने और अवैध धन अर्जित करने की मंशा से इस काले कारोबार का रास्ता चुना था। आरोपियों ने बताया कि वे सस्ते दामों पर नशा खरीदकर शहर के विभिन्न हिस्सों में ऊंचे दामों पर बेचते थे। क्राइम ब्रांच ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इन तस्करों से कड़ी पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे यह माल कहाँ से लाए थे और शहर में उनके अन्य ग्राहक या साथी कौन-कौन हैं।

---

# यातायात के लिए होंगे 74 लाख के काम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर के 11 जोनल कार्यालय के क्षेत्र में यातायात सुधार के काम पर 74 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इन कामों के माध्यम से यातायात की व्यवस्था को बेहतर बनाने की पहल की जाएगी। इंदौर शहर की पहचान बदहाल यातायात वाले शहर के रूप में हो गई है। शहर के नागरिक यातायात की बुरी स्थिति से हर दिन परेशान होते नजर आते हैं। कहीं पर यातायात खराब होने के लिए नगर निगम जिम्मेदार है तो कहीं पर यातायात पुलिस के द्वारा नियमों का पालन नहीं कराए जाने के कारण स्थिति खराब हो रही है। जिला प्रशासन को तो मानो इस पूरी स्थिति से कोई लेना-देना ही नहीं है। अभी कुछ समय पूर्व तक तो जिला प्रशासन के द्वारा नगर निगम और पुलिस विभाग के सहयोग से सड़क पर किए गए कब्जा हटाने और कार्रवाई करने का कार्य किया जा रहा था। अब शायद जिला प्रशासन के अधिकारियों को लग गया है कि इंदौर का यातायात बहुत बेहतर हो गया है यही कारण है कि अब इस तरह की पूरी कार्रवाई को बंद कर दिया गया है। नगर निगम की भूमिका यातायात में केवल इतनी है कि वह सिग्नल लगाना और उसकी मेंटेनेंस करने का काम करता है। इसके अलावा सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाना, यातायात के संकेतक लगाना और यातायात को लेकर बोर्ड लगाना ही निगम का काम है। निगम के द्वारा बेहतर यातायात के लिए कार्रवाई करने हेतु यातायात पुलिस को जब्त गाड़ियां उठाने का वाहन दिया जाता है इसके साथ ही क्रेन भी निगम की ओर से ही दी गई है। ऐसे में अब नगर निगम के द्वारा शहर के 11 जोनल कार्यालय के क्षेत्र में यात्रा की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए निगम की जिम्मेदारी के कामों को अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए तैयार किए गए प्रस्ताव को नगर निगम के अधिकारियों और महापौर परिषद के द्वारा मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के अनुसार इस कार्य पर अब 74 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

---

# सीबीएसई स्कूलों को ई-वैल्यूएशन के लिए लैब करना होगी अपडेट

**स्कूल ने कोई गड़बड़ी की तो उसका रिजल्ट रोक लिया जाएगा**

### तीन दिनों में करना हो टीचर का डाटा अपडेट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

सीबीएसई बोर्ड ने सभी स्कूलों को आगाह किया है कि 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू होना है, जहां 10वीं बोर्ड की परीक्षाओं के बाद उनकी कॉपियां सीधे निर्धारित सेंटर पर निर्धारित अध्यापक जांचेंगे। वहीं इस बार 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों की जांच ई-वैल्यूएशन के आधार पर होगी। इस बार सेक्शन-वाइज़ सवाल पेपर सही असेसमेंट के लिए स्टेकहोल्डर फीडबैक के आधार पर साइंस और सोशल साइंस के पेपर को सेक्शन में बांटा गया है। पहली बार ई-वैल्यूएशन ओएसएम सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा। यह सिस्टम इसलिए किया गया है कि गलतियां नहीं हो, ई-वैल्यूएशन पक्का हो। इसके लिए सभी स्कूलों को अपनी कम्प्यूटर लैब निर्धारित मापदंड के लिए अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मौजूदा इवैल्यूएशन सिस्टम के हिसाब से स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर को अपडेट किया गया है। हर ई-वैल्यूएटर को कम आंसर बुक दी गईं ताकि क्वालिटी ई-वैल्यूएशन के लिए काफी समय मिल सके। ई-वैल्यूएटर के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम प्लान किए गए गाइडेंस के लिए छोटे इंस्ट्रक्शनल वीडियो तैयार किए गए। तय ई-वैल्यूएशन 8-10 दिनों में पूरा किया जाएगा। इसके लिए स्कूलों को अपने-अपने अध्यापक रिलिव भी करना होंगे। कुल मिलाकर सीबीएसई इस बार 12वीं बोर्ड परीक्षा में आंसर बुक के ई-वैल्यूएशन के लिए ऑन स्क्रीन मार्किंग शुरू कर रही है। इसके लिए अध्यापकों को ओएसएम की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। पोर्टल का एक्सेस पाने के लिए लॉग-इन क्रेडेंशियल दिए जाएंगे। लॉग-इन क्रेडेंशियल और ओटीपी टीचरों के ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर शेयर किए जाएंगे। सभी टीचर का डाटा हर सीबीएसई स्कूल को 13 फरवरी की 4 बजे तक सीबीएसई का साइट पर अपडेट करना होगा, स्कूल ऐसा नहीं करेंगे तो उन पर सख्त कार्रवाई भी होगी। अगर ई-वैल्यूएशन में किसी स्कूल ने गड़बड़ी की तो उस स्कूल का रिजल्ट भी घोषित नहीं किया जाएगा।

---

# फर्जी दस्तावेजों से करोड़ों की जमीन हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### क्राइम ब्रांच ने दो और फरार आरोपियों को दबोचा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कृषि भूमि के नाम पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह पर इंदौर क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों चंदन कीर और मेहरबान सिंह कीर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस हाईप्रोफाइल धोखाधड़ी मामले में पुलिस प्रवीण पूनमचंद और प्रवीण सिसोदिया को पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है। आरोपियों ने फर्जी नक्शे और अनुबंधों के जरिए करीब 3.62 करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दिया था।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया के अनुसार, क्राइम ब्रांच की ईओडब्ल्यू टीम को विशाल सिंह नामक व्यक्ति ने शिकायत दी थी। जांच में पता चला कि आरोपियों ने आपसी षड्यंत्र रचकर करोड़ों रुपये मूल्य की कृषि भूमि के फर्जी



दस्तावेज तैयार किए थे। जमीन के स्वामित्व को लेकर चल रहे सिविल विवाद के निराकरण से पहले ही, आरोपियों ने कूटरचित अनुबंध पत्र और एक फर्जी कॉलोनी का नक्शा तैयार किया। इस जालसाजी के जरिए उन्होंने जमीन को तीसरे पक्ष को बेच दिया और करोड़ों रुपये का अवैध मुनाफा कमाया।

साइबर टीम की मदद से हुई गिरफ्तारी-क्राइम ब्रांच ने तकनीकी साक्ष्यों और साइबर टीम की मदद से फरार आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद घेराबंदी कर चंदन कीर को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया, जिसकी निशानदेही पर मेहरबान सिंह कीर को भी हिरासत में लिया गया। मामले में सीमाबाई और कृष्णाबाई सहित कुल छह लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, चेकबुक और ठगी में इस्तेमाल किए गए फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं।

बड़े नेटवर्क के खुलासे की उम्मीद-पुलिस को अंदेशा है कि यह गिरोह शहर के अन्य इलाकों में भी इसी तरह की फर्जी कॉलोनियां काटकर लोगों को शिकार बना चुका है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिनसे उनके सहयोगियों, बैंक खातों के ट्रांजेक्शन और अन्य कूटरचित दस्तावेजों के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है। एडीसीपी दंडोतिया ने बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द ही कुछ और बड़े खुलासे होने की संभावना है।

# सड़कों पर लगेंगे 55 लाख के लीटरबिन

### स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए निगम ने लिया फैसला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**नगर निगम के द्वारा शहर की सड़कों के किनारे 55 लाख रुपए की लागत से नए लीटरबिन लगाए जाएंगे। स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए निगम के द्वारा यह फैसला लिया गया है।**

केंद्र सरकार के द्वारा वर्ष 2025 के स्वच्छता सर्वेक्षण को करवाने के लिए टूल किट जारी कर दिया गया है। इसके साथ इस बार का सर्वेक्षण करने के लिए उलटी गिनती शुरू हो गई है। अभी केंद्र सरकार की ओर से सर्वेक्षण की डेट की घोषणा नहीं की गई है जैसे ही डेट की घोषणा होगी वैसे ही सर्वेक्षण भी शुरू हो जाएगा। इस स्थिति का अंदाजा इंदौर नगर निगम के अधिकारियों को लग गया है। यही कारण है कि पिछले 8 सालों से स्वच्छता में सर्वोत्तम स्थान पर कायम इंदौर के द्वारा इस सर्वेक्षण के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इस तैयारी में इंदौर नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा सड़क के किनारे सूखा और गीला कचरा डालने के लिए लगाए गए लीटरबिन बदलने का फैसला लिया गया है। शहर में विभिन्न स्थानों पर मुख्य मार्गों पर लगे हुए यह लीटरबिन बदलने के काम पर 55 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। निगम के द्वारा इस काम को अंजाम देने के लिए वेंडर को फाइनल करने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

निगम की ओर से वेंडर की तलाश के लिए ऑफर बुलवाने का काम किया गया है। इसके लिए ऑनलाइन 9 मार्च तक अपने ऑफर सबमिट किए जा सकते हैं। निगम के अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही वेंडर फाइनल होगा वैसे ही हम सारे शहर में लीटरबिन बदलने का काम शुरू कर देंगे। ध्यान रहे की सड़क पर चलने वाले लोगों के लिए यह लीटरबिन महत्वपूर्ण होते हैं। बहुत से लोग सड़क पर पैदल चलते हुए कुछ ना कुछ खाते पीते रहते हैं तो ऐसे में बचा हुआ कचरा फेंकने के लिए उनके पास लीटराबिन की सुविधा होती है।

### टूटे हुए पड़े हैं लीटरबिन

शहर में अलग-अलग स्थान पर लगे हुए लीटरबिन की हालत खराब है। कई स्थानों पर यह लेटर बिन टूटे हुए पड़े हैं। कई स्थानों पर ऐसी हालत में है कि इनमें से कचरा नीचे ढुलते रहता है। ऐसे में इन सभी लीटरबिन को बदलना आवश्यक हो गया है।

### इंदौर ने ही की शुरुआत

सड़क के किनारे कचरा डालने के लिए आम लोगों को सुविधा देने की इस व्यवस्था की शुरुआत देश में इंदौर से ही हुई थी। इस व्यवस्था के कारण इंदौर की स्वच्छता को एक नया आकार मिला। यदि यह लीटर बिन नहीं लगाया जाए तो लोग सड़क पर कचरा फेंकेंगे और उससे स्वच्छ शहर एक गंदे शहर के रूप में तब्दील हो जाएगा।

## कोलकाता के मीडिया का दल इंदौर के दौरे पर आया शहर की स्वच्छता की स्थिति और व्यवस्था को देखा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इस समय पूरे देश में पश्चिम बंगाल चर्चा का केंद्र बना हुआ है। कभी वहां होने वाले चुनाव को लेकर तो कभी ईडी के द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर। ऐसी स्थिति में कोलकाता के पत्रकारों का दल इंदौर के दौरे पर आया है। इस दल ने इंदौर की स्वच्छता को देखा और समझा है। भारत सरकार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय द्वारा कोलकाता का मीडिया दल मध्य प्रदेश के सात दिवसीय दौरे पर हैं। मीडिया दल का नेतृत्व पी.आई.बी कोलकाता की सहायक निदेशक श्रीजाता शाह ने किया। उन्होंने बताया कि मीडिया दल ने मध्य प्रदेश के प्रमुख संस्थानों, ऐतिहासिक धरोहर एवं उल्लेखनीय प्रगति कार्यो के साथ ही केंद्र सरकार की प्रमुख



योजनाओं पर हो रहे कार्यों को देखा। इस दौरान दल ने भोपाल, जबलपुर, उज्जैन के साथ ही इंदौर का भ्रमण किया।

कल इंदौर नगर निगम द्वारा संचालित कचरा प्रबंधन एवं बायोगैस प्लांट के साथ ही राजा रमन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र आर.आर. केट भी इस दल के सदस्य पहुंचे, जहां विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ते भारत को जाना। आर आर केट के निदेशक विष्णु द्विवेदी तथा वैज्ञानिक डॉ. सी पी पाल ने संस्थान की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मीडिया दल महापौर संग चाय पर चर्चा कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव से संवाद किया। स्वच्छता अभियान अंतर्गत इंदौर में किया जा रहे प्रयासों को महापौर ने मीडिया दल के समक्ष रखा। शाम को मीडिया दल राजवाड़ा, छप्पन दुकान सहित खजराना मंदिर पहुंचे।



## पत्रकार बापना को याद किया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वरिष्ठ पत्रकार रहे महेन्द्र बापना का आज पुण्यस्मरण दिवस है, आज उन्हें याद किया जा रहा है। कल उनकी स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया। प्रखर वक्ता और कवि सत्यनारायण सत्तन ने भी बापना के बारे में सार्थक उद्बोधन दिए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राजेश चेलावत, अरविंद तिवारी, दादू महाराज, केपी माहेश्वरी, सुभाष खंडेलवाल, कीर्ति राणा सहित अन्य मौजूद थे।

## महाराणा प्रताप अस्पताल को एम्बुलेंस भेंट की

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने पिता शंकरदयाल विजयवर्गीय की पुण्यतिथि पर श्री शंकरदयाल विजयवर्गीय पारमार्थिक ट्रस्ट की ओर से बाणगंगा स्थित महाराणा प्रताप अस्पताल को एंबुलेंस भेंट की।



## बारात ने कंडीलपुरा में काफी देर तक लगाया जाम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पश्चिमी क्षेत्र के बड़ा गणपति से इन्दौर वायर जाने वाले बीच के रास्ते कंडीलपुरा में कल एक बारात ने जाम की स्थिति पैदा कर दी। हालात यह हो गए कि बाइक चालक तक अपनी जगह से करीब 40 मिनट हिल नहीं पाए। उल्लेखनीय है कि वर्तमान यातायात हालात में कंडीलपुरा, सुभाष मार्ग को चौड़ा किया जाना है और इन दोनों ही जगह जमकर अतिक्रमण बाहर तक फैले हुए है।

**छाया-पीयूष वाजपेयी**





## चैम्बर का ढक्कन खुला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** धार रोड स्थित ग्रीन पार्क कालोनी हुसैनी मस्जिद के समीप चैम्बर का ढक्कन कई दिनों से खुला है, यहां बच्चे खेलते है और यहां से स्कूल भी जाते है, इसलिए दुर्घटना की सम्भावना भी रहवासियों ने बताई।

## स्वच्छता गीत के साथ प्रतियोगिता का भी शुभारम्भ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत बढा हाथ-करें सफाई साथ अभियान के तहत केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कल स्वच्छता गीत एवं स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सहयोगी स्वच्छता चैंपियन एवं सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। मौजूद लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली। जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद रहे।












## बैंक कर्मी भी होंगे कल हड़ताल में शामिल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन तथा बेफी आदि बैंककर्मी यूनियनों ने श्रमिक-विरोधी, जन-विरोधी नीतियों तथा वित्तीय निर्णयों के खिलाफ कल 12 फरवरी को देशव्यापी बैंक हड़ताल का आव्हान किया है। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने भी 12 फरवरी को इन्हीं मुद्दों को लेकर हड़ताल का निर्णय लिया है। बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत अन्य यूनियंस ने इस हड़ताल का समर्थन किया है. इस आम हड़ताल में एलआईसी, जीआईसी आदि अन्य यूनियन्स भी हड़ताल पर रहेंगी. इसी क्रम में निम्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं— प्रदर्शन 11 फरवरी को सायं 5:15 बजे पंजाब नेशनल बैंक, एसजीआईटीए शाखा, इंदौर विशाल आम सभा (हड़ताल दिवस) 12 फरवरी प्रातः 10:00 बजे अभिनव कला समाज, गांधी हॉल,चार श्रम संहिताओं के जरिए संगठित होने के अधिकार, सामूहिक सौदेबाजी और हड़ताल के अधिकार पर किए जा रहे हमले, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं बीमा संस्थानों के निजीकरण, कर्मचारियों की भारी कमी, आउटसोर्सिंग, पुरानी पेंशन योजना की समाप्ति तथा आम जनता पर बढ़ते सेवा शुल्क—ये सभी मुद्दे न केवल बैंक कर्मचारियों बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों के हितों पर सीधा आघात हैं। बैंक एसोसिएशन के मोहनकृष्ण शुक्ला, अरविन्द पोरवाल ने बैंक अधिकारी, कर्मचारियों से इस हड़ताल में शामिल होने की अपील की है।

## अरबिन्दो अस्पताल की हुई आयुष्मान मामले में शिकायत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अधिवक्ता अदिति विनय दुबे निवासी हरदा ने आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत संचालक को शिकायत भेजी, जिसमें लिखा कि उन्होंने उनकी नानी प्रमिला तिवारी के पैर में समस्या होने पर आईवीआर फिल्टर डालने के लिए अरबिन्दो अस्पताल में 3 फरवरी को दाखिल कराया गया था। यह इलाज आयुष्मान कार्ड से होना था, अस्पताल वालों को इसकी जानकारी दी तो उन्होंने आयुष्मान कार्ड ले लिया और कहा कि कुछ समय आयुष्मान कार्ड अप्रूवल होने में लगेगा। अदिति दुबे ने बताया कि अस्पताल से कहा गया कि आयुष्मान कार्ड अप्रूवल होने में समय लगेगा, तब तक आप लोग कुछ पैसा जमा कर दें, इस पर 40 हजार से अधिक की राशि जमा की गई, जिसके कोई भी बिल और पैसा जमा की रसीद नहीं दी गई। यह भी कहा गया कि जब आप डिस्चार्ज होंगे तब सारा पैसा जमा खाते में आ जाएगा। 4 फरवरी को वहां के चिकित्सक और एक अन्य मैडम ने 45 हजार रु. की और मांग की और कहा कि यह जमा करने के बाद ऑपरेशन होगा। हमने जब आयुष्मान कार्ड का हवाला दिया और स्पष्टीकरण मांगा तो अलग-अलग चिकित्सक और कर्मचारियों ने अलग-अलग जवाब दिए। यह भी कहा गया कि आपका आयुष्मान अभी तक अप्रूवल नहीं हुआ है। आप डिस्चार्ज विभाग से सम्पर्क करो। फिर कहा गया कि केवल 25 हजार रु. आयुष्मान में अप्रूवल हुआ है, यदि आपको पूरा इलाज निःशुल्क चाहिए तो सरकारी अस्पताल चले जाओ और अगर इलाज चाहते हो, तो 45 हजार रु. और जमा कर दो, उसी के बाद पैर का ऑपरेशन किया जाएगा, हमने वह पैसा जमा कर दिया। उपरोक्त सभी घटनाओं के वीडियो अदिति दुबे से संबंधित लोगों ने बनाए हैं। हमें अस्पताल ने दबाव बनाया कि जो आपने शिकायतें की है और जो वीडियो बनाए हैं वह सब समाप्त करो नहीं तो बुजुर्ग महिला को वापस ले जाए। हमें इलाज कराना था इसलिए अस्पताल के दबाव में शिकायतें उठा ली और कुछ वीडियो डिलिट भी कर दिए। हमसे कई बार माफी मंगवाई गई तब जाकर दोपहर में ऑपरेशन किया गया। अस्पताल में घोर अनियमितताएं और अन्याय हमारे साथ किया गया। प्रधानमंत्री की आयुष्मान जन हितेषी और कल्याणकारी योजना का घोर उल्लंघन का आरोप भी अदिति दुबे ने लगाया। शिकायत में अदिति दुबे ने आयुष्मान विभाग और संबंधित लोगों से पत्र के माध्यम से अस्पताल और संबंधित चिकित्सकों व अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत इस अस्पताल को सूची से बाहर किया जाए, यह मांग भी की गई है। यह भी कहा गया है कि जो व्यवहार हमारे मरीज के साथ हुआ वह अन्य किसी के साथ ना हो इसलिए कार्रवाई जरूरी है। उक्त पूर्ण जानकारी शिकायत के साथ अधिवक्ता अदिति दुबे द्वारा सिटी ब्लास्ट को भेजी गई, उसी आधार पर प्रकाशित की गई।

## महाविद्यालय में पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला



इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, किला भवन की प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में इको क्लब द्वारा पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर से प्लास्टिक बोतलें, परीक्षा में उपयोग की गई पॉलिथीन एवं कैरी बैग एकत्र किए गए। साथ ही महाविद्यालय के बाहर स्थित चाय की दुकान से मिट्टी के कुल्हड़ तथा कैंटीन से खाली दूध के पाउच संग्रहित किए गए, जिनका उपयोग रिसाइक्लिंग के लिए किया जाएगा। ऋतु मथुरिया, डॉ. अमरीश, डॉ. आशीष कपूर, डॉ. फरीदा जौहर, डॉ. पूजा जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## पुलिस और जनता के बीच हुआ सीधा संवाद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लगातार पुलिस अलग-अलग थाना क्षेत्र में जनता से संवाद के लिए चौपाल लगा रही है। कल चंदननगर पुलिस ने धार रोड स्थित ग्रीनपार्क कालोनी के स्कूल में चौपाल लगाई। लोगों ने गोपनीय शिकायत पेटी लगाने की मांग भी की, जिस पर पुलिस ने तत्काल अमल भी किया। क्षेत्र के प्रबुद्धजन,



अधिवक्ता, व्यापारी और स्थानीय रहवासी शामिल हुए। इस दौरान पुलिस ने जहाँ साइबर ठगी और नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया, वहीं जनता ने भी अपनी सुरक्षा से जुड़ी मांगें अफसरों के सामने रखीं। एसीपी शिवेंदु जोशी, थाना प्रभारी तिलक करोले ने शिकायती पेटियां लगवाना स्वीकार की इस पर शादाब पटेल ने जनसहयोग से पेटियां उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया। नाबालिगो द्वारा वाहन चलाने की समस्या सामने आई और जाहिद मिर्जा ने कहा कि इससे हादसों का डर बना रहता है, घरेलू हिंसा पर भी चर्चा हुई। शराब दुकान के बाहर शराबियों की भीड़ पर नियंत्रण की बात भी कही गई, नशा और साइबर फ्राड जागरूकता को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान सरफराज अंसारी ने आभार माना। अधिवक्ता सैयद जाफर अली ने संचालन किया। सानिया कुरैशी, शाहिन साजिद अली, इरशाद पठान, एयू खान, शरीफ पटेल, तौफीक, मोहम्मद युनूस, शकील, जाकिर खान, डॉ. निजाम काजी, आसिफ, हाजी शरीफ, अनवर ठेकेदार सहित अन्य मौजूद थे।

## 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। देपालपुर अनुविभागीय अधिकारी आर.एम. त्रिपाठी ने बताया कि इंदौर जिले की तहसील देपालपुर के ग्राम रामपुरिया निवासी स्व. मनीष पिता मुकेश की विगत 28 नवंबर 2025 को कुएं में डूबने से मृत्यु हो गई थी। उक्त दुर्घटना के पश्चात मृतक की पत्नी आवेदिका जया पति स्व. मनीष को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## एआईबीई-एक्सएक्सआई परीक्षा में होंगे दो लाख परीक्षार्थी शामिल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि अखिल भारतीय बार परीक्षा-21 एआईबीई-एक्सएक्सआई परीक्षा संभवतः 7 जून रविवार को होगी। अखिल भारतीय बार परीक्षा की अधिकारिक वेबसाइट बार कौंसिल आफ इंडिया ट्रस्ट (बार कौंसिल आफ इंडिया द्वारा निर्मित) पर अपलोड जानकारी के अनुसार फार्म भरने का काम शीघ्र ही प्रारम्भ हो जाएगा। गौरतलब है कि वर्ष-2009 के बाद विधि-स्नातक की उपाधि उत्तीर्ण करने वाले व्यक्तियों को विधि-व्यवसाय करने के लिए सनद प्राप्त करने के लिए अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करना अत्यंत जरूरी है। कचोलिया के मुताबिक इस परीक्षा में लगभग दो-लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिनमें राज्य अधिवक्ता परिषद में अभिभाषक के रूप में अपना नामांकन करवा चुके नवीन अभिभाषक और विधि स्नातक की उपाधि उत्तीर्ण कर चुके व्यक्ति और एल.एल.बी. अन्तिम-वर्ष के अन्तिम- सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थी, जो बिना बैकलाग के अन्तिम सेमेस्टर से पहले के सभी सेमेस्टर उत्तीर्ण कर चुके है,इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए सामान्य और ओबीसी वर्ग के परीक्षार्थी को 45% और एस.सी./एस.टी. वर्ग के परीक्षार्थी को 40% प्रतिशत अंक प्राप्त करना जरूरी होता है। इस परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है। बार कौंसिल आफ इंडिया नई-दिल्ली अखिल भारतीय बार परीक्षा-21 एआईबीई-एक्सएक्सआई परीक्षा कार्यक्रम में कभी भी कोई भी संशोधन कर सकती है। उक्त पूर्ण जानकारी एडवोकेट गोपाल कचोलिया द्वारा दी गई।



## नजूल निवर्तन समिति की बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में इंदौर संभाग नजूल भूमि निवर्तन निर्देश 2020 के अंतर्गत बैठक हुई जिसमें भूमि आवंटन प्रकरणों पर विचार किया गया। बैठक में इंदौर संभाग के अपर आयुक्त तरूण भटनागर, उपायुक्त (राजस्व) सपना लोवंशी, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के संयुक्त संचालक सुभाषीश बैनर्जी, मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग के वरिष्ठ पंजीयक अमरेश नायडू सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

## इंदौर—उज्जैन ग्रीन फील्ड 4 लेन परियोजना को मिली नई रफ्तार

### 20 गांवों के सैकड़ों परिवारों को मिलेगा मुआवजा, 626 करोड़ से अधिक राशि का अवार्ड पारित

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड 4 लेन सड़क परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ रही है। परियोजना के अंतर्गत विभिन्न तहसीलों के कुल 20 गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसके बदले प्रभावित किसानों और भू-स्वामियों को मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।मुआवजा राशि निर्धारण में किसानों को उचित मुआवजा देने हेतु बिक्री छाँट की प्रक्रिया अपनाई गई ताकि किसानो को अधिकतम मुआवजा प्रदान किया जा सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि के बदले कुल 626 करोड़ 49 लाख 76 हजार 436 रुपये की मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है। वहीं इस परियोजना से जुड़े कुल 662 प्रभावित खातेदार/परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। निर्धारित मुआवजा के वितरण का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है।

### ये गांव शामिल

परियोजना के तहत हातोद और सांवेर तहसील के 20 गांव शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से बुढ़ानिया, हातोद, सगवाल, कांकरिया बोडिया, जंबूड़ी सरवर, जिन्दाखेड़ा, रतनखेड़ी, बीबी खेड़ी, पिपलिया कायस्थ, हरियाखेड़ी, खतेडिया, रंगकराडिया, कछालिया, बलघारा, पोटलोद, टुमनी, मगरखेड़ी, चित्तौड़ा, बालरिया और रालामंडल गांव शामिल है।

# विद्याधाम में 20 माह में बनेगा सत्संग सभागृह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विद्याधाम मंदिर परिसर में महाकोश निधि ट्रस्ट की मेजबानी में आज दोपहर में सत्संग सभागृह का भूमिपूजन स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि लगभग 7 हजार वर्गफुट क्षेत्रफल में बनने वाले इस सत्संग भवन में करीब 400 दर्शक या श्रोता बैठकर वहां होने वाले मांगलिक प्रसंगों के साक्षी बन सकेंगे। भूमि पूजन से 20 माह की अवधि में इस सत्संग सभागृह का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नया सभागृह आश्रम की भोजन शाला के सामने बनेगा।



# सर्जेंस कांफ्रेंस में सर्जरी की नई तकनीक बताई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एमपीएएसआई कॉन की सर्जेंस कांफ्रेंस होटल में तीन दिवसीय कांफ्रेंस में सर्जरी में डेली अपडेट होना जरूरी है । इस कांफ्रेंस का उद्देश्य सर्जरी की नई तकनीक की जानकारी दी गई। सर्जन डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. दिलीप आचार्य, डॉ. के.सी. देवानी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. राकेश शिवहरे, डॉ. सीपी कोठारी, डॉ. अक्षय शर्मा ने मौजूद रहकर अपनी भूमिका निभाई। बडी संख्या में इन तीन दिवसीय आयोजन में देशभर के चिकित्सक मौजूद रहे।

# सुर अंजलि से जुड़े कलाकार कल पेश करेंगे गीत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था सुर अंजलि की मेजबानी में कल 12 फरवरी को शाम 6.30 बजे से  जाल सभागृह में गीत-संगीत संध्या की दावत संजोयी जाएगी। कलाकार 40 गीतों की प्रस्तुति एकल और सिंगल गीतों की देंगे। संगीता पुराणिक, हंसा साहू, डीपी श्रीवास्तव, राजकुमार झा, राजेंद्र कुलकर्णी, शिरीष गोडबोले, अर्चना भास्कर, डॉ. कीर्ति चतुर्वेदी, आलोक जैन, किशोर पांडव, सुनैना नाईक, हरि पी श्रीवास्तव और कल्पना  प्रस्तुति देंगे। आयोजन में राजीव राय, गुड्डू मिश्रा भी अपनी भूमिका निभाएंगे।



# 'दिव्य चैतन्य ध्यान सत्र'

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** योग टेंपल आयुर्वेद पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी सेंटर द्वारा आयोजित 'दिव्य चैतन्य ध्यान' सत्र के आयोजन में योगी मनोज गर्ग ने योग भी कराए और सार्थक बातें भी स्वास्थ्य हित में बताई।

# कांटाफोड मंदिर पर कल से होगा पांच दिनी महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ कल 12 फरवरी को सुबह 10 बजे भगवान भोलेनाथ को हल्दी लगाने के साथ होगा। श्रद्धालु भगवान को हल्दी लगाएंगे और दोपहर 1 बजे केसर के जल से स्नान कराया जाएगा। 15 फरवरी को मंदिर पर माँ वैष्णोदेवी के पिंडी स्वरुप के साथ एवं गुफा की प्रतिकृति का निर्माण भी झांकी के रूप में होगा। महोत्सव के लिए व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। टीकमचंद गर्ग, बीके गोयल ने बताया कि झांकी निर्माण शुरू हो गया है। कल से पांच दिनों तक मंदिर में शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन चलेगा।

# खातीवाला टैंक क्षेत्र की परेशानी समाप्त की जाए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** खातीवाला टैंक से जुडे जयपाल तलरेजा, नसरीन अली, गोपाल दरियानी ने बताया कि क्षेत्र में आवारा श्वान का आतंक है, वहीं शासकीय टेलीफोन भवन, डाकघर भी पुराना होकर जर्जर हो चुके है उन्हें ठीक कराया जाए, स्ट्रीट लाइट भी बंद पडी है, यहां कुछ लोग कचरा भी जलाते है जिससे धुआं फैलता है, गंदगी भी फैली हुई है, कई सडकों पर गड्डे हो रहे है। इस मामले में महापौर कार्यालय में पूर्व में भी शिकायतें की गई थी।

# यातायात प्रहरियों का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अच्छे यातायात के लिए पुलिस ने सामाजिक लोगों को यातायात प्रहरी के रूप में जोडा है, हर सप्ताह अच्छे कार्य पर कुछ प्रहरियों का सम्मान भी होता है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने प्रहरी सुधीर सूभेदार, मंगेश कदम, जफर खान, नीरज शर्मा को सम्मानित किया, उन्हें जैकेट, सिटी, लाइट बेटन और बैच प्रदान किए।





# हेलमेट जागरूकता अभियान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने पलासिया चौराहा पर हेलमेट को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। ज़ागरूक वाहन चालकों को हेलमेट और उपहार भी प्रदान किए। अधिकारी आर.के. सिंह, राजेश त्रिपाठी मौजूद रहे।

# डीजे साउंड पर प्रतिबंध लगाया जाए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सत्यशोधक समाज के हुकुमचंद जादम सैनी, सदाशिव यादव काका, राहुल मांडले ने सम्भागायुक्त कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया और मांग की गई कि शादी ब्याह में काफी तेज साउंड के डीजे बजाए जा रहे है जो लोगों के कान खराब कर रहे है और इन तेज साउंड का असर सीधा हार्ट पर भी पड़ रहा है, रोड पर बारात निकलती है तो जाम की स्थिति भी बनी रहती है। खासतौर से डीजे साउंड निर्धारित गति से भी ज्यादा तेज गति से चल रहे है। आम जनता परेशान हो रही है, अभी होली और रंगपंचमी पर निकलने वाली यात्रा और गेरों में भी यह साउंड लगाए जाएंगे इन पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाएं। जनहित में बारात और साउंड पर प्रतिबंध लगाया जाए साथ में जो वाहन डीजे के लिए तैयार किए गए है उनकी भी चैविंग की जाए, वे गलत तरीके से मूल वाहन के स्वरूप में सुन्दरता के लिए परिवर्तित कर दिए गए है।

# संत त्रिलोकाराम और आत्माराम को किया जाएगा याद

## मेला महोत्सव में तीन दिनों तक होगा संत समागम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रीराम प्रेमधाम मंदिर वरुण शाह नगर सिंधी कालोनी में  सदगुरु तिलोकाराम और स्वामी आत्माराम को 19 फरवरी को याद कर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 22 से 24 फरवरी तीन दिनों तक वार्षिक मेला महोत्सव के अन्तर्गत संत समागम का आयोजन भी होगा। 22 फरवरी को सुबह 11बजे ध्वजा वंदन, अखंड पाठ एवं शाम 6 बजे से सत्संग कीर्तन, 23 फरवरी को सुबह 9 बजे सत्संग कीर्तन और दोपहर में संतों और महापुरुषों का भोजन और इसी दिन शाम 6 बजे से सत्संग कीर्तन होगा। 24 फरवरी की सुबह 9 बजे से सत्संग कीर्तन और 11 बजे से अखंड पाठ की समाप्ति होगी, भोग और प्रसादी का आयोजन होगा। इसी दिन शाम को मेला की समाप्ति पर पल्लव उत्सव होगा।





# राजबाडा क्षेत्र में सुचारु यातायात के प्रयास

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विगत कुछ दिनों से राजबाडा और आसपास के क्षेत्र में यातायात पुलिस की टीम लगातार भ्रमण कर रही है। लगातार पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी बाजारों का पैदल भ्रमण कर रहे है। राजवाड़ा, सराफा, कपड़ा मार्केट, खजूरी बाजार, सुभाष चौक एवं आसपास के पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर अच्छी व्यवस्था के निर्देश भी दिए जा रहे है। लगातार भ्रमण और दिशा निर्देश से यातायात भी सुचारु दिखने लगा है, व्यापारियों के वाहन भी दुकानों के बाहर खडे होने के बजाय उन्हें पार्किंग में खडा कराया जा रहा है, कई व्यापारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस के साथ भ्रमण कर रहे है।  पुलिस अधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी के प्रयास से व्यवस्था ठीक नजर आने लगी है।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सुरक्षित इंटरनेट विश्व दिवस मनाया गया। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा 'सुरक्षित इंटेरनेट दिवस' को 'स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प एआई  के सुरक्षित और ज़िम्मेदार उपयोग' पर मनाया जा रहा हैं। विश्व इंटरनेट दिवस पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर में किया गया। शैलेन्द्र नाहर, शीतल पाठक, प्राचार्य, शिक्षक मौजूद रहे।



# सालों बाद बदला एमपी पीएससी दफ्तर के भीतर से लेकर बाहर तक का पूरा नजारा

**सभी प्रवेश द्वार के साथ आसपास की दीवारों तक का इंटीरियर बदलकर हो गया एकदम नया**



इंदौर। आखिर सालों बाद एमपीपीएससी लोक सेवा आयोग दफ्तर के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर भीतर तक का पूरा नजारा ही बदल गया। दफ्तर के भीतर से लेकर बाहरी परिसर तक का पूरा नजारा ही अब पूरा बदला हुआ सा नजर आ रहा है। दरअसल सौंदर्य करण और नवीनीकरण के साथ एमपीपीएससी के दफ्तर के संपूर्ण भीतरी और बाहरी हिस्से में एंट्री गेट नंबर एक से लेकर इंट्री गेट नंबर दो तक सभी जगह नए कलेवर के साथ कलर और यहां तक की बाहर के डिस्प्ले बोर्ड तक चेंज हो गए। एमपीपीएससी का मोनो और नाम तक नए कलेवर और नए लाल मेहरून रंग के साथ नजर आ रहे हैं यही नहीं चौराहे पर जेल की साइड वाले मुख्य प्रवेश द्वार के साथ पीछे की साइड वाले दूसरे प्रवेश द्वार का बाहरी नजारा भी अब पूरा बदला-बदला सा नजर आ रहा है।

### बाहरी हिस्से में प्रवेश द्वार के पास बनाए छोटे - छोटे आकर्षक गार्डन

यही नहीं बाहरी हिस्से में एमपी पीएससी प्रबंधन द्वारा सौंदर्यकरण और साज - सजावट के तहत छोटे-छोटे गार्डन बनाए गए है। वहीं प्रवेश द्वार के आसपास जिनमें आकर्षक डिजाइन वाले छोटे-छोटे पौधे भी लगाए गए है। साथ ही रोशनी के लिए आसपास डिजाइनर लाइटिंग भी लगाई गई है। इसके अलावा अब प्रवेश द्वार के आसपास एमपी पीएससी लिखे आकर्षक लाइटिंग वाले डिजिटल बोर्ड भी लगाए जा रहे है। इसके अलावा बगीचे के आसपास की लाइटिंग से रात में भी एमपीपीएससी दफ्तर के बाहरी हिस्से में चमक दूर से जगमगाहट के साथ नजर आएगी।

## वार्ड 54 के पंचशील नगर और मयूर नगर का

# बैक लाइन सफाई अभियान के बाद बदला क्षेत्र का नजारा

**जिस गली में सफाई करने में आती थी परेशानी अब वहां का बदल गया हुलिया**





इन्दौर। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक चोपन से जुड़ी पंचशील कॉलोनी एवं मयूर नगर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में लगातार चल रहे बैकलाइन सफाई अभियान के तहत अब यहां का पूरा नजारा ही बदल गया है। हालत यह है कि सफाई अभियान के बाद जिन गलियों में सफाई कर्मियों को भी सफाई करने जाने में गंदगी और कचरे के ढेर के कारण परेशानी होती थी, वहां सफाई अभियान के बाद अब यहां का पूरा नजारा ही बदल गया है। वहीं खास बात यह है कि पहले जब लोग इन बैक लाइन और गलियों के पास से निकलते थे, तो रुमाल नाक पर रखना पड़ता था, और अब इन गलियों का पूरा हुलिया ही बदल गया है। न्यू पंचशील कॉलोनी में लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी परिवार पार्षद महेश बसवाल से बैक लाइन और गालियों की सफाई की मांग कर रहे थे। इसके बाद पार्षद की मांग पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपनी स्पेशल सफाई अभियान वाली टीम को भेजा जिसने दो तीन दिन की कड़ी मेहनत के साथ चलाएं सफाई अभियान में बैक लाइनों में इतना कचरा निकला की गली में कचरे का पहाड़ खड़ा हो गया। इसके बाद लगातार सफाई के बाद अब पंचशील कॉलोनी और मयूर नगर से जुड़ी कई गलियों की हालत सुधरने के बाद पूरी तरह इन गलियों का नजारा ही बदल गया।

### बैक लाइन में सफाई के साथ हरियाली और सुंदरता रखने वालों का पार्षद करेंगे सम्मान

सफाई के बाद अब यहां की कई गलियां और बैक लाइन इतनी साफ नजर आ रही है कि जिसे देखकर पार्षद महेश बसवाल ने यहां बैक लाइन की गलियों में निगम और रहवासियों से हरियाली और सुंदरता करने के लिए प्रतियोगिता करने की घोषणा भी कर डाली। पार्षद ने रहवासियों से कहा जो अपनी बैक लाइन में सफाई के साथ उनमें सुंदरता और हरियाली के लिए पेड़ - पौधे लगाकर गमले रखकर साज - सजावट करेगा, उस गली के रहवासियों को इनाम देकर उनका सम्मान विधायक और पार्षद द्वारा किया जाएगा।

# करोड़ों की लागत से बने पिपलियाना ब्रिज पर जिम्मेदारों की लापरवाही का अंधेरा



### लोगों को अपनी गाडियों की रोशनी से पड़ रहा निकलना

इंदौर। पिपलियाना चौराहे पर इंदौर विकास प्राधिकरण आईडीए द्वारा बनाए गए करोड़ों की लागत वाले फ्लाई ओवर ब्रिज पर लंबे समय से जिम्मेदार अफसरों की अनदेखी और लापरवाही के कारण अंधेरा छाया हुआ है। हालत यह है कि इस ब्रिज पर आधी से ज्यादा लाइटिंग महीनों से बंद पड़ी हुई है। हालत यह है कि लोगों द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार अफसर ध्यान नहीं दे रहे है। यही नहीं रात के समय इस ब्रिज से निकलना किसी खतरे से खाली नहीं। वाहन चालकों को अपनी गाड़ियों की लाइट की रोशनी से होकर निकलना पड़ता है। वहीं हालत इतनी खराब है कि पूरे ब्रिज पर रात के समय सारी एलइडी लाइट बंद होने से इस ब्रिज पर पूरा अंधेरा छाया रहता है। लोगों का कहना है कि निगम से लेकर आईडीए अफसर और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी कई बार शिकायत कर दी है, उसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। रात में यहां से गुजरने वालों को अंधेरे में दुर्घटना और अप्रिय घटना होने का अंदेशा रहता है। फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# बसों का इंतजार करने के लिए अब नहीं खड़ा रहना पड़ेगा धूप में

इंदौर। शहर के लोगों को आने वाले दिनों में गर्मी और धूप में खड़े रहकर बसों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि अगले दो माह में एआईसीटीएसएल द्वारा शहर में अलग-अलग जगहों पर 30 से ज्यादा नए आधुनिक सुविधाओं वाले बस स्टॉप का निर्माण कर यात्रियों के उपयोग के लिए शुरू करने की तैयारी है। वर्तमान में शहर के प्रमुख बाजार और खास स्थान पर निगम द्वारा नई एवं आधुनिक तकनीक एवं सुविधाओं से लैस बस स्टॉप बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। जिसके तहत इन बस स्टॉप में बैठने की व्यवस्था के साथ बसों के आने-जाने के टाइम टेबल सहित अन्य जानकारी और सुविधाएं भी देने की तैयारी चल रही है।

खास बात किया है कि इन नए और डिजिटल बस स्टॉप में यात्रियों को आरामदायक कुर्सियों और बेंचों पर अच्छी बैठक व्यवस्था के साथ मोबाइल चार्जिंग सुविधा भी मिल रही है। इसके अलावा इस रूट से गुजरने वाली सभी बसों के आने-जाने के टाइम टेबल की जानकारी भी डिजिटल डिसप्ले पर आसानी से मिलेगी। इसके साथ सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था भी मिल रही है। इसके अलावा रात में इन नए बस स्टॉप पर लाइटिंग की व्यवस्था रखी गई है। साथ ही मोबाइल चार्जिग की सुविधा भी दी जा रही है। इसके साथ गर्मी और धूप से बचने के लिए पूरी छत की व्यवस्था भी है। यही नहीं इन तमाम सुविधाओं के साथ बड़ी बात यह है कि दिन के साथ रात में भी महिला यात्री आराम से यहां सुकून के साथ बसों का इंतजार कर



सकेगी। क्योंकि तमाम सुविधाओं के साथ अब इन आधुनिक बस स्टॉप पर नाइट विजन वाले सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे है। जिससे कंट्रोल रूम से इन नए आधुनिक बस स्टॉप की सशक्त निगरानी भी की जा रही है। जिससे रात दिन इन सभी नए बस स्टॉप पर महिलाओं को सीसीटीवी कैमरों की मदद से पूरी सुरक्षा दी जा रही है। गौरतलब है कि एआईसीटीएसएल द्वारा पिछले साल से शहर में 200 से ज्यादा आधुनिक बस स्टॉप का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 40 से ज्यादा नए बस स्टॉप बनकर तैयार भी हो गए है। वहीं अभी कई जगह निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहा है। जहां कई बस स्टाप जल्द बनकर तैयार होने वाले है। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में अगले डेढ़ से दो माह में गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ज्यादातर जगह नए बस स्टाप बनकर पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे। वहीं फिर इन नवीन बस स्टॉप को बेहद जल्द आमजन के लिए शुरू भी करेंगे।

## संपादकीय

# मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट का साफ निर्देश, लोकतंत्र में भरोसा बनाए रखना राज्य की जिम्मेदारी

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। यह बात भी अहम है कि आयोग की इस कवायद में किसी राज्य सरकार का सीधे तौर पर दबाव या दखल देना उचित नहीं हो सकता। लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन जरूरी है। इसी मकसद से देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। मगर इसमें कई तरह की बाधाएं भी उत्पन्न हो रही हैं। कभी बड़ी संख्या में नागरिकों को मसविदा सूची से बाहर करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो कभी सियासी दलों की ओर से इस प्रक्रिया में नियमों के विपरीत दखल देने के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में सबसे जरूरी है कि नई मतदाता सूची तैयार करने में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए, ताकि सभी पात्र नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रह सके और अपात्र या मृतकों के नाम सूची से हटाने का कार्य बिना किसी विवाद या बाधा के पूरा हो सके। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल से जुड़े ऐसे ही एक मामले में सोमवार को सभी राज्यों को स्पष्ट कर दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। आयोग का तर्क था कि आधार को नागरिकता का पहचान पत्र नहीं माना जा सकता, मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया। अब पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया पर आए दिन नए-नए सवाल उठ रहे हैं। पिछले दिनों चुनाव आयोग ने खुद राज्य में मसविदा सूची में छूट गए मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया रोकने का निर्देश दिया था। आयोग ने माना था कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची के डिजिटलीकरण में तकनीकी समस्या की वजह से कई लोगों के नाम मसविदा सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं और ऐसे लोगों के लिए फिलहाल व्यक्तिगत सुनवाई की जरूरत नहीं है। मगर यह बात भी उतनी ही अहम है कि आयोग की इस कवायद में किसी राज्य सरकार का सीधे तौर पर दबाव या दखल देना उचित नहीं हो सकता। इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफल तरीके से पूरा करने की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की नहीं है, बल्कि राज्य सरकारों की भी इसमें अहम भूमिका है। इसके लिए पर्याप्त और सक्षम कर्मी उपलब्ध कराने का जिम्मा राज्य सरकार का होता है। ऐसे में अपेक्षा की जाती है कि इसमें सियासत को दूर रखकर राज्य सरकार और चुनाव आयोग सहयोग एवं समन्वय के साथ काम करेंगे। चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में कुछ और कर्मियों को पुनरीक्षण प्रक्रिया में तैनात करने की मांग करता रहा है, जिस पर राज्य सरकार अब जाकर राजी हुई है। अगर सरकार इस पर पहले ही हामी भर देती, तो इस कार्य में लगे अन्य कर्मियों को भी काम का दबाव नहीं झेलना पड़ता, जिसको लेकर राज्य में सत्तारूढ़ दल की ओर से ही सवाल उठाए जाते रहे हैं। चुनाव आयोग की भी यह प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनी रहे।

# गार्डन में टहलने के दौरान टकराने पर विवाद, नाबालिग को घोंपा चाकू

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र स्थित एक गार्डन में टहलने जैसी सामान्य बात पर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मामूली रूप से टकरा जाने की बात पर तीन बदमाशों ने दो भाइयों के साथ जमकर मारपीट की और एक 17 वर्षीय नाबालिग को चाकू मारकर घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी की वारदात गत रात 9.45 बजे गिरनारी गार्डन के पास हुई। घायल का नाम लक्की पिता दिनेश वर्मा (17) निवासी क्लर्क कॉलोनी है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी राज, अरमान और गगन के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि रात के समय में और मेरा भाई पवन हम दोनों गिरनारी गार्डन में टहलने गए थे। वहां आरोपी भी टहलते हुए मिले। जब मैं और मेरा भाई टहल रहा था तो एक आरोपी मेरे भाई से टकरा गया। टकराने की बात को लेकर आरोपियों ने विवाद किया और गालियां देने लगे। हमने गालियां देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक आरोपी ने अपनी जेब से चाकू निकालकर मुझपर वार कर दिया। चाकू पुठ्ठे में लगने से चोट लगकर खून निकलने लगा। मैं चिल्लाया तो आस-पास के लोग आ गए,जिन्हे देखकर तीनों आरोपी भाग गए और जाते-जाते बोले कि आज के बाद यहां टहलने आए तो जान से मार देंगे।

# पिता ने बेटे पर किया कुल्हाड़ी से हमला

**इंदौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र में शराबी पिता ने घर में उत्पात मचाया और बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

पुलिस के मुताबिक पारिवारिक विवाद में हमले की घटना थाना सिमरोल क्षेत्र के ग्राम दतोदा में कल रात 8.30 बजे हुई। घायल का नाम अंकित पिता तेजराम पटेल है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी तेजराम पिता लक्ष्मीनारायण पटेल के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं खेती किसानी का काम करता हूं। मेरे पिता तेजराम आए दिन शराब पीकर लडाई झगड़ा करते रहते हैं। मैं और पिता दोनों अपने परिवार के साथ अलग अलग गांव में ही रहते है। कल रात 8.30 बजे मैं अपने खेत पर बने मकान में था तभी मेरा पिता शराब के नशे में धुत होकर आए और गालियां देने लगा। मैंने गालियां देने से मना किया तो खेत में पड़ी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इससे मुझे सिर में चोट लगकर खून निकलने लगा। मेरी पत्नी रुपाली पटेल ने बीच बचाव किया तो जाते जाते पिता ने धमकाया कि आज के बाद मेरी बात नहीं मानी तो जान से खतम कर दूंगा। पत्नी ने 108 एम्बुलेंस से मुझे अस्पताल पहुंचाया।

# भाई ने सब्बल और भतीजे ने तवे से किया हमला

## साथ काम करने से मना किया तो हुआ हमला
## खूनी संघर्ष मामले में पूरे परिवार पर प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में काम और मजदूरी के विवाद को लेकर एक सगे भाई ने अपने ही भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। अलग काम करने की इच्छा जताने पर आरोपी भाई, भाभी और उनके बच्चों ने मिलकर युवक को सब्बल, तवे और लात-घूंसों से जमकर पीटा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर भाई सहित परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, परदेशीपुरा निवासी पवन ठोसरे ने अपने भाई नानेश्वर ठोसरे, भाभी कृष्णा बाई, भतीजी नेहा और भतीजे राजेश ठोसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पवन ने पुलिस को बताया कि उसका भाई नानेश्वर उस पर हमेशा साथ में काम करने का दबाव बनाता है, लेकिन साथ काम करने के बावजूद वह उसे मेहनत के पैसे नहीं देता। इसी के चलते पवन अब अपना अलग काम करना चाहता है। जब उसने भाई के साथ जाने से मना कर दिया, तो बीती रात नानेश्वर ने गाली-गलौच शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि पूरे परिवार ने मिलकर पवन पर हमला बोल दिया। आरोपी नानेश्वर ने लोहे की सब्बल से वार किया, जबकि भतीजे राजेश ने रसोई में इस्तेमाल होने वाले लोहे के तवे से उसे पीटा। इस दौरान भाभी कृष्णा बाई और भतीजी नेहा ने भी हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की। हमले में पवन के दोनों पैरों, बाएं हाथ की भुजा और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। वारदात के बाद आरोपी यह धमकी देते हुए भाग निकले कि 'अगर आइंदा साथ काम करने से मना किया, तो तुझे जान से खत्म कर देंगे।' पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ वैधानिक धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 18 साल पुराने चेक बाउंस मामले में दोगुनी राशि देने और 6 महीने की सजा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** चेक बाउंस के एक वर्षों पुराने मामले में इंदौर न्यायालय ने आरोपी को 6 महीने की सख्त सजा और चेक राशि से डबल राशि भुगतान करने की सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्षवर्धन रावत ने मामले में अभिजीत के खिलाफ फैसला सुनाया है। अधिवक्ता दिनेश मालवीय के मार्फत चेक बाउंस का मामला कोर्ट में लगाया गया था।

# खजराना में खेल-खेल में हुआ विवाद बना काल

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने एक किशोर की जान ले ली। पुष्प विहार कॉलोनी में खेलते समय हुए झगड़े और धक्का-मुक्की के दौरान एक 15 वर्षीय किशोर गहरे कुएं में जा गिरा, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच और परिस्थितियों के आधार पर मृतक के साथ खेल रहे दो अन्य नाबालिग साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

*झगड़े के दौरान कुएं में गिरा 15 वर्षीय किशोर, दो नाबालिगों पर केस दर्ज*

पुलिस के अनुसार, पटेल नगर निवासी समीर राठौर पिता स्वर्गीय धर्मेंद्र राठौर गत 6 फरवरी को अपने कुछ दोस्तों के साथ दिव्य शक्ति मंदिर के पीछे स्थित पुष्प विहार कॉलोनी के एक कुएं के समीप खेल रहा था। इसी दौरान खेल के बीच किसी बात को लेकर समीर और उसके साथियों में कहासुनी हो गई। बात गाली-गलौज तक पहुँची और फिर उनके बीच धक्का-मुक्की होने लगी। विवाद इतना बढ़ा कि धक्का लगने से समीर का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे गहरे कुएं में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही खजराना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शुरुआत में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई थी, लेकिन जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने दो नाबालिगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

# होटल की पार्किंग से जेवर चोरी

## इंटरव्यू देने आई डॉक्टर की कार से चेन और अंगूठी गायब, पुलिस को स्टाफ पर शक

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र स्थित एक प्रतिष्ठित होटल की पार्किंग से डॉक्टर दंपति की कार का ताला खोले बिना कीमती जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। वारदात उस वक्त हुई जब दंपति होटल में इंटरव्यू के लिए गए थे और कार की चाबी होटल स्टाफ के पास थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर होटल के पार्किंग स्टाफ को संदेह के घेरे में लिया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी डॉ. अदिति पाराशर, निवासी उज्जैन, अपने पति पवित्र पाराशर के साथ एक इंटरव्यू के सिलसिले में होटल सरोवर पोर्टिको आई थीं। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से अपनी सोने की चेन और एक जेंट्स अंगूठी कार की डिक्की के भीतर बने ग्लव बॉक्स में रख दी थी। इसके बाद, उन्होंने होटल की 'वैले पार्किंग' सुविधा का उपयोग करते हुए कार की चाबी वहां मौजूद कर्मचारी को सौंप दी। जब डॉ. अदिति इंटरव्यू खत्म कर वापस लौटीं और कार की डिक्की चेक की, तो उनके होश उड़ गए। जेवरात के डिब्बे वहां मौजूद थे, लेकिन उनके भीतर से सोने की चेन और अंगूठी गायब थी। आरोपियों ने इतनी सफाई से चोरी को अंजाम दिया कि केवल खाली डिब्बियां ही मौके पर मिलीं। घटना के बाद पीड़िता ने तुरंत तुकोगंज थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को आशंका है कि इस वारदात में किसी ऐसे व्यक्ति का हाथ है जिसके पास कार की चाबी उपलब्ध थी। तुकोगंज पुलिस ने होटल के पार्किंग स्टाफ से पूछताछ शुरू कर दी है और होटल के प्रवेश व निकास द्वारों सहित पार्किंग एरिया के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# मां की डांट से नाराज होकर घर से निकला 12 साल का मासूम

## खजराना पुलिस ने 2 घंटे में शिप्रा से खोज निकाला

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में पुलिस की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। अपनी माँ की डांट से नाराज होकर घर छोड़कर गया 12 वर्षीय बालक पुलिस की सक्रियता के कारण मात्र 2 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया। बालक साइकिल चलाते हुए खजराना से काफी दूर देवास जिले के शिप्रा तक पहुँच गया था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सोशल मीडिया की मदद से बच्चे को तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया।

जानकारी के अनुसार, फरियादी सुधीर पंडित निवासी कैलाशपुरी खजराना ने थाने पहुँचकर सूचना दी थी कि उनका 12 वर्षीय बेटा घर के बाहर साइकिल चलाते समय अचानक कहीं लापता हो गया है। थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने जब मामले की गहराई से जांच की, तो सामने आया कि बालक एक 'स्ट्रीट डॉग' घर में रखना चाहता था, जिसे लेकर माँ ने उसे डांट दिया था। इसी बात से नाराज होकर बालक अपनी साइकिल उठाकर घर से निकल गया था।

### सोशल मीडिया और वायरलेस सेट से मिली मदद

मामले की गंभीरता और बालक की कम उम्र को देखते हुए टीआई मनोज सेंधव ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस ने बच्चे का फोटो और जानकारी तुरंत सभी सोशल मीडिया ग्रुप्स और पुलिस वायरलेस सेट पर प्रसारित की। टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ ही मैदानी स्तर पर भी सूचनाएं जुटाना शुरू किया।

### शिप्रा में मिला बालक, परिजनों के खिले चेहरे

सर्चिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि हुलिए से मिलता-जुलता एक बालक देवास के पास शिप्रा क्षेत्र में अकेला घूम रहा है। खजराना पुलिस की टीम ने बिना देर किए मौके पर पहुँचकर बालक को विधिवत अपनी कस्टडी में लिया और सुरक्षित थाने लेकर आई। जब पुलिस ने मासूम को उसके माता-पिता के सुपुर्द किया, तो परिजनों की आँखों में खुशी के आंसू आ गए और उन्होंने इंदौर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# पड़ोसियों ने युवक के सिर पर पत्थर से किया हमला

## सरकारी बोरिंग से पानी भरने पर विवाद

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैलोद करताल में सरकारी बोरिंग से पानी भरने जैसी मामूली बात पर खूनी संघर्ष हो गया। पड़ोस में रहने वाले पिता-पुत्र ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट की और उसके सिर पर पत्थर मारकर उसे लहूलुहान कर दिया।

पुलिस के मुताबिक फरियादी लक्ष्मण पिता गंगाराम दांगी की शिकायत पर पड़ोसी आरोपी मुन्नालाल चौहान और राकेश चौहान के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने घर पर था, तभी उसके पड़ोसी राकेश चौहान और मुन्नालाल चौहान सरकारी बोरिंग से पानी भरने की बात को लेकर विवाद करने लगे। आरोपियों ने फरियादी के 8 वर्षीय मासूम भतीजे को अपशब्द कहना शुरू कर दिया। जब फरियादी ने बीच-बचाव करते हुए गाली-गलौच करने से मना किया, तो आरोपी उग्र हो गए और उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। 8

विवाद के दौरान आरोपी राकेश ने जमीन पर पड़ा एक पत्थर उठाकर फरियादी के सिर पर दे मारा, जिससे उसे गंभीर चोट आई और खून निकलने लगा। शोर सुनकर फरियादी का भाई गणेश दांगी मौके पर पहुँचा और बीच-बचाव कर उसे आरोपियों से छुड़ाया। जाते-जाते आरोपियों ने पीड़ित परिवार को सरेआम धमकी दी कि 'आज तो बच गया, लेकिन आइंदा अगर इस बोरिंग से किसी ने भी पानी भरा तो उसे जान से खत्म कर देंगे।'

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी, महिला से निवेश के नाम पर धोखाधड़ी, दो अलग-अलग मामलों में केस दर्ज

**इंदौर।** शहर में साइबर और वित्तीय ठगी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। द्वारकापुरी और क्राइम ब्रांच थाना क्षेत्रों में पुलिस ने दो अलग-अलग शिकायतों पर धोखाधड़ी के प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में द्वारकापुरी क्षेत्र के गुमास्ता नगर स्थित एसबीआई एटीएम से 58 वर्षीय मनीष कुमार श्रीवास्तव के साथ ठगी की गई। फरियादी ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने छलपूर्वक उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और बाद में उसी कार्ड के जरिए खाते से रकम निकाल ली। पीड़ित को तब जानकारी लगी जब खाते से पैसे निकल चुके थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे प्रकरण में क्राइम ब्रांच थाना क्षेत्र में रहने वाली मेघा गर्ग (42) ने निवेश के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि चेन्नई निवासी वचिनाथन थंगवेल ने खुद को कंपनी डायरेक्टर बताकर छलपूर्वक उनसे रकम ऐंठ ली। बाद में न तो निवेश का लाभ मिला और न ही रकम लौटाई गई। पुलिस दोनों मामलों में तकनीकी साक्ष्यों और लेन-देन की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# अगरबत्ती कारखाने में लगी आग

**इंदौर।** सांवेर रोड पर आज तड़के एक अगरबत्ती कारखाने में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड के मुताबिक सुबह 4.05 बजे सांवेर रोड़ पर रेवती रेंज के समीप एक अगरबत्ती कारखाने में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर एसआई एसएन शर्मा की टीम को दमकल के साथ भेजा गया। टीम ने 5 हजार लीटर पानी की मदद से करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। कारखाना मालिक का नाम पंकज वैष्णव बताया गया है। आग में अगरबत्ती पैकिंग मटेरियल और अन्य सामान जल गया। आग लगने का कारण अज्ञात है।

# मकान के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र में एक परिवार ने मकान का सौदा कर फरियादी के साथ लाखों की धोखाधड़ी कर दी। पुलिस के मुताबिक फरियादी खलील खान की रिपोर्ट पर आरोपी सफिया खातून पति रशीद खान (70), साबिर पिता रशीद खान, जाकिर खान और शाकिर खान निवासी ममता कालोनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों ने 30 सितंबर 2023 ममता कॉलोनी स्थित मकान जिसमें विक्रय अनुबंध में धोखाधड़ी कर अग्रिम राशि की हड़प ली और मकान कहीं और बेच दिया।

## लिमिट बढ़ाने के नाम पर धोखाधड़ी

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में अज्ञात आरोपी ने फरियादी चंद्र मोहन राठौर निवासी सत्यदेव नगर के साथ वाट्सएप के माध्यम से डेबिट कार्ड की लिमिट बढाने का नाम पर हजारों रुपए की धोखाधड़ी कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। घटना 3 फरवरी की है।

# द.अफ्रीका को चुनौती देने उतरेगी अफगानिस्तान टीम

**अहमदाबाद।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का 13वां मुकाबला आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। यह ग्रुप डी का मुकाबला होगा। साउथ अफ्रीका ने कनाडा पर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी जबकि अफगानिस्तान को पहले मैच में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था।

जहां इस मैच में अफ्रीका एक और जीत दर्ज कर अपने आपको पॉइंट्स टेबल में और मजबूत स्थिति में लाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान अपनी पहली जीत हासिल करने के लिए उतरेगी। दोनों के बीच हमको एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रहती है। यहां पर अच्छा बाउंस होने की वजह से गेंद बल्ले पर अच्छी आती है। आउटफील्ड भी तेज रहती है। तेज गेंदबाजों को भी यहां मदद मिलती है। एक हाई स्कोरिंग मुकाबला हमको देखने को मिल सकता है। बल्ले और गेंद के बीच एक अच्छा कॉन्टेस्ट अहमदाबाद में देखने को मिलता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अब तक कुल 12 टी20 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 8 पहले बैटिंग करने वाली टीम तो 4 मुकाबले दूसरी बैटिंग करने वाली टीम ने जीते हैं। ऐसे में जो भी टीम टॉस जीतेगी वे पहले बल्लेबाजी करने को देख सकती है। पहली पारी का औसत स्कोर अहमदाबाद में 170 रन है।

**INDORE MUNICIPAL CORPORATION, INDORE**
(SWACHH BHARAT MISSION)

NIT No. 09/SBM/2025-26 | **NOTICE INVITING TENDER** | Date : 09.02.2026

Online percentage rate bids are invited from eligible firms for following work. Tender forms may be purchased by the eligible bidders from public procurement portal. www.mptenders.gov.in

| Name of Work | Completion Period | Probable Amount of Work | Earnest money Deposit | Cost of Bid Document | Last Date and Time for Bid Submission (Online) |
|---|---|---|---|---|---|
| Supply & Installation of 100Ltr Capacity Twin Litter Bin at Various Location in Indore. | 12 Months | ₹ 55,00,000/- (Fifty Five Lakh Only) | ₹ 41,250/- (Forty One Thousand Two Hundred Fifty Rupee Only) | ₹10,000/- (Rupees Ten Thousand Only) | 09.03.2026 till 17:30 Hrs. |

Notes:-
1. Tender Document and other details shall be available on Website- www.mptenders.gov.in
2. Amendment to NIT, if any would be published on website only.

**Executive Engineer**
**Indore Municipal Corporation, Indore**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1. विक्रम रेशिमवाले पिता विजय कुमार रेशिमवाले 2. विजय कुमार रेशिमवाले पिता गोपालराव रेशिमवाले** पता 11/3 ड़ॉ. आर.एस. भंडारी मार्ग, 202 विशाल हेरिटेज इन्दौर झोन क्र. 09 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1003712163 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.09 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 09**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# हमने कभी अपनी सोच नहीं बदली कि मैच नहीं होगा



**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के मैच को लेकर काफी ज्यादा विवाद हुआ है। पहले पाकिस्तान ने बांग्लादेश को सपोर्ट करते हुए भारत के साथ मैच खेलने के लिए मना कर दिया था। पाकिस्तानी सरकार ने अपनी टीम को आदेश दिया था कि वे भारत के साथ 15 फरवरी को कोलंबो में नहीं खेलेंगे।

हालांकि, आईसीसी, पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रेसिडेंट अमिनुल इस्लाम की बैठक हुई। इसके बाद पाकिस्तान की सरकार ने अपने फैसले को बदला और कहा कि वे भारत के खिलाफ खेलेंगे। अब पाकिस्तान के इस यू-टर्न पर भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने बड़ा बयान दिया है।

12 फरवरी को भारत और नामीबिया का मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाला है। उससे पहले भारत के असिस्टेंट कोच ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सबसे पहले यह अच्छी बात है कि गेम ऑन है। हमने कभी अपनी तैयारी नहीं बदली और सोच नहीं बदली कि मैच नहीं होगा। हमें पता था कि कुछ तो होगा और हम खेलेंगे तो इससे ज्यादा बदलाव नहीं आया है। हमको इसकी पुष्टि थोड़ी लेट मिली है। हम क्वालिटी साइड के खिलाफ खेलने के एक और मौके को वेलकम करते हैं। यह टीम के लिए अच्छा है।

रेयान टेन डोएशे ने आगे कहा, हम राजनीति से अलग रहने की कोशिश करेंगे। हम दोनों देशों के सेंटीमेंट्स और इतिहास के बारे में समझते हैं। लेकिन हमारे लिए क्रिकेट पर फोकस करना महत्वपूर्ण होगा। कोलंबो जाना चैलेंज होगा। खासकर जब पाकिस्तान वहां पर पिछले कुछ हफ्तों से है। लेकिन हमारा फोकस उस फिक्सचर में अपना बेस्ट गेम लाना होगा।' बता दें कि 2022 के एशिया कप में पाकिस्तान ने भारत से कोई टी20 मुकाबला जीता था। इस मैच में फेवरेट तो भारत को ही माना जा रहा है।

## श्रीराम स्पोर्ट्स की शानदार जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड एक दिवसीय स्पर्धा जो कि सफेद बॉल एवं रंगीन ड्रेस में खेली जा रही है उसके अंतर्गत एमवायसीसी एवं श्रीराम स्पोर्ट्स के मध्य मैच खेला गया जिसमें



श्रीराम स्पोर्ट्स ने पहले खेलते हुए 46 ओवरो में सभी विकेट खोकर 230 रन बनाये। अंशुल त्रिपाठी ने 9 चौके व 5 छक्के की मदद से आक्रामक 100 रन बनाये। हर्षवर्धन ने 3 विकेट लिये । जवाब में एमवायसीसी की टीम 49 ओवरो में 216 रनों पर सिमट गई और यह मैच 14 रनों से हार गई । तनय पाटीदार ने नाबाद 61 रन बनाय। सुरेन्द्र मालवीय एवं आयुष वर्मा ने 3-3 विकेट लिये ।



## कन्हैया, कनिका और अवनी को बैडमिंटन खिताब

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर के कन्हैया शर्मा एवं कनिका जाट और अवनी यादव ने खेलो मप्र युवा खेलो बैडमिंटन में खिताबी सफलता हासिल की, इंदौर की अवनी यादव 19वर्ष बालिका एकल में उपविजेता रही, अविका वर्मा सेमीफाइनल खेली, ग्वालियर में हुई बैडमिंटन स्पर्धा में 19 वर्ष बालक एकल फाइनल इंदौर संभाग के खिलाड़ियों के बीच हुआ, इंदौर के कन्हैया शर्मा ने इंदौर संभाग के धार जिले के तनमय शर्मा को 34 मिनट में 21-16,21-14 से हराया, 19वर्ष बालिका युगल फाइनल में इंदौर की कनिका जाट और अवनी यादव ने कृतिका पाठक और आदित्या शर्मा को 47 मिनट में 21-14,18-21,21-9 से पराजित किया, अवनी यादव 19वर्ष बालिका एकल फाइनल में पाखी गुप्ता से 15-21,14-21 से पराजित हुई। अवनी यादव ने सेमीफाइनल में इंदौर संभाग की अविका वर्मा को 21-15,21-12 से हराया, कनिका जाट और अवनी यादव ने बालिका युगल सेमीफाइनल में संस्कृति अग्रवाल और पाखी गुप्ता को 17-21,21-18,21-14 से हराया। अनिल भंडारी, आरपी सिंह नैयर, धर्मेन्द्र यशलहा, विशाल चांदवानी, मनीष त्रिवेदी सुधांशु व्यास, रीना चौहान, राजेश शाक्य ने बधाई दी।

## वंश पाल के नेतृत्व में कुश्ती टीम रवाना



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि ,मध्यप्रदेश कुश्ती टीम कप्तान वंश पाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय फेडरेशन कप कुश्ती में भाग लेने 12 से 14 फरवरी तक गाजियाबाद रवाना हुई।

## मप्र के पहलवानों को मिलेगा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**इंदौर।** भारतीय संस्कृति के सबसे लोकप्रिय और गौरवशाली खेल मिट्टी की कुश्ती को समर्पित एक भव्य और ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल का आयोजन 16 फरवरी को किया जा रहा है। यह आयोजन मध्य प्रदेश के इंदौर शहर स्थित मां वैष्णो धाम मंदिर मैदान, पिपलिया हाना के आगे आयोजित होगा। इस महादंगल में देश और विदेश के नामचीन व धुरंधर पहलवानों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के सभी शीर्ष पहलवान भी अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन करेंगे।

## जापान चयनित बेसबॉल खिलाड़ियों का सम्मान




**इंदौर।** एम.बी. खालसा एजुकेशन सोसाइटी के तत्वावधान में एम.बी. खालसा कॉलेज के एम.कॉम के विद्यार्थी दिव्यांश पवार एवं ईशान ठाकुर का जापान की न्यू एशिया कंपनी द्वारा बेसबॉल के लिए चयन होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

यह दोनों विद्यार्थी आगामी 7 माह तक जापान में रहकर बेसबॉल का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर भी प्राप्त करेंगे।

दिव्यांश पवार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेसबॉल में कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने ताइवान, पाकिस्तान, दुबई एवं ईरान में भारत का प्रतिनिधित्व कर संस्था एवं देश का नाम गौरवान्वित किया है। वहीं ईशान ठाकुर ने शिक्षा के साथ-साथ क्रिकेट एवं बेसबॉल दोनों खेलों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है तथा वे राष्ट्रीय स्तर की बेसबॉल टीम में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

इस अवसर पर एम.बी. खालसा एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष चरणजीत सिंह सैनी, उपाध्यक्ष जसवंत सिंह छाबड़ा, सचिव रणवीर सिंह छाबड़ा, अमरजीत सिंह भाटिया, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू मेहता सोनी, स्पोर्ट्स ऑफिसर सुरेंद्र सिंह सिद्धू, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिवार ने दोनों खिलाड़ियों का सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## एकेसीए फायनल में



**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा का दो दिवसीय सेमीफायनल मैच एनसीए एवं एकेसीए के मध्य खेला गया जिसमें एकेसीए ने अपनी पहली पारी में 63 ओवरों में सभी विकेट खोकर 153 रन बनाये। आर्यन तिवारी ने 52 रन एवं वीर जोशी ने 49 रन बनाये। वरूण सिंह ने 4 विकेट लिये । जवाब में एनसीए ने अपनी पहली पारी में 79 ओवरो में सभी विकेट खोकर 150 रन बनाये। इस तरह एकेसीए ने 3 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । सानिध्य जाट ने 3 विकेट लिये । मैच समाप्त होने तक एकेसीए ने अपनी दूसरी पारी में 17 ओवरो में 1 विकेट खेकर 66 रन बना लिये थे । इस तरह एकेसीए ने यह मैच पहली पारी की 3 रनों की बढत के आधार पर जीतकर फायनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

# मां कनकेश्वरी क्लब की शानदार जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजित एवं संजय लुणावत फाउण्डेशन द्वारा प्रायोजित प्रभा सुरेशचन्द्र लुणावत अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एमकेसीसी एव एसएलएफ के मध्य मैच खेला गया जिसमें एसएलएफ ने पहले खेलते हुए 37 ओवरो में सभी विकेट खोकर 141 रन बनाये। मो.काजी ने 31 रन बनाये । समर पटेल ने 4 विकेट लिये । जवबा में एमकेसीसी की टीम ने 26 ओवरो में 3 विकेट खोकर 142 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से जीत लिया। समर पटेल ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए नाबाद 47 रन बनाये।



### देव्ज एकेडमी की रोमांचक जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच देव्ज एकेडमी एवं एमबीसीए के मध्य खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 24 ओवरो में सभी विकेट खोकर 160 रन बनाये। पवित्र पाटील ने 73 रन बनाये। प्रशांत राजपुत ने 5 विकेट एवं आरव व्यास ने 3 विकेट लिये। जवाब में एमबीसीए की टीम 38 ओवरो में 136 रनों पर सिमट गई ओर यह मैच 24 रनों के अंतर से हार गई । आरव व्यास ने 53 रन बनाये। पवित्र पाटील, रेयान व प्रणय ने 2-2 विकेट लिये ।

### राऊ क्रिकेट क्लब की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच राउ क्लब एवं आयसीसी के मध्य खेला गया जिसमें राउ ने पहले खेलते हुए 30 ओवरो में सभी किवेट खोकर 142 रन बनाये। सिद्धार्थ कुमार ने 54 रन एवं अमरकांत कुमार ने 44 रन बनाये। रचित





कटारिया ने 5 विकेट लिये । जवाब में आयसीसी की टीम 30 ओवरो में 97 रनों पर सिमट गई और यह मैच 47 रनों से हार गई । सिद्धार्थ कुमार ने 4 विकेट एवं अनिश पटेल ने 3 किवेट लिये।

### सीसीआय की रोमांचक जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच सीसीआय एवं विजय क्लब के मध्य खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए 34 ओवरो में सभी विकेट खोकर 124 रन बनाये। अर्नव त्रिपाठी ने 6 रन बनाये। रूद्रांश शर्मा ने 6 किवेट लिये । जवाब में विजय क्लब की टीम 28 ओवरो में 112 रनों पर सिमट गई और यह मैच 12 रनों से हार गई । अभ्युदय सिंह ने नाबाद 44 रन बनाये। विराट मीश्रा ने 5 विकेट लिये।

### स्टार क्लब की शानदार जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच स्टार क्लब एवं जय गिरनारी मे मध्य खेला गया जिसमें जय गिरनारी ने पहले



खेलते हुए 49 ओवरो में 180 रन बनाये। रूद्राक्ष नागोरे ने 70 रन बनाये। प्रज्वल शर्मा ने 4 विकेट लिये । जवबा में स्टार क्लब की टीम ने 34 ओवरो में 5 विकेट खोकर 181 रन बनाकर यह मैच 5 विकेट से जीत लिय । कुशाग्र पाटीदार ने 61 रन एवं अर्नव श्रीवास्तव ने नाबाद 41 रन बनाये। शौर्य यादव ने 3 विकेट लिये।

# चाकू और बीयर की बोतल गोदकर हत्या

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**विजय नगर क्षेत्र में कल देर रात खूनी संघर्ष की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। ऑर्बिट मॉल के पास वाइन शॉप के सामने एक दोस्त का विवाद सुलझाने पहुंचे बाउंसर युवक की चाकू और बीयर की टूटी बोतल मारकर हत्या कर दी गई। हमले में उसका एक अन्य साथी भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच जारी है।**



## विवाद में बीच-बचाव करना बाउंसर को पड़ा भारी

## सीसीटीवी से आरोपियों की तलाश, संदिग्ध हिरासत में

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुँची। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जिसमें हमलावरों के भागने की दिशा और उनके हुलिए के सुराग मिले हैं। इस मामले में पुलिस ने देर रात घेराबंदी कर कुछ संदिग्ध युवकों को उठाया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। मृतक गोलू अपने परिवार में माता-पिता और एक भाई का सहारा था। उसकी मौत की खबर से गुलमोहर कॉलोनी में मातम पसरा हुआ है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान लगभग हो चुकी है और जल्द ही उनकी अधिकारिक गिरफ्तारी की जाएगी।

विजय नगर पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान गोलू पिता चेनसिंह चंद्रवंशी (29), निवासी गुलमोहर कॉलोनी के रूप में हुई है। गोलू पेशे से बाउंसर था और उसने हाल ही में पीयू-4 क्षेत्र में एक कैफे भी शुरू किया था। घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की है। बताया जा रहा है कि गोलू के दोस्त करण का कुछ अज्ञात युवकों से विवाद हो रहा था। करण ने गोलू को मदद के लिए बुलाया था। जब गोलू अपने साथी हरिओम चंद्रवंशी (23) के साथ मौके पर पहुँचा और बीच-बचाव कर आरोपियों को गाली-गलौज करने से मना किया, तो हमलावर उन पर ही टूट पड़े।

घायल हरिओम ने बताया कि आरोपी पहले से ही तैश में थे। जैसे ही उन्होंने हस्तक्षेप किया, आरोपियों ने चाकू और बीयर की खाली बोतल फोड़कर गोलू के पेट और पीठ पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हरिओम पर भी जानलेवा हमला किया गया। दोनों लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े और शोर मचाने लगे। भीड़ जमा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। परिजन तुरंत गोलू को मेदांता अस्पताल ले गए, लेकिन घाव गहरे होने के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।





# दुकान में भीषण आग

### 5 फ्रिज और फर्नीचर सहित लाखों का सामान जलकर राख

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चंदन नगर थाना क्षेत्र के ग्रीन पार्क कॉलोनी में आज सुबह एक एव्हरफ्रेश की दुकान में भीषण आग लग गई। आगजनी की यह घटना सुबह करीब 6:30 बजे की बताई जा रही है, जिसने देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दुकान के भीतर रखा कीमती फर्नीचर, खाने-पीने का सामान और 5 फ्रिज पूरी तरह जलकर खाक हो गए। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया।

दुकान मालिक साजिद मेव के अनुसार, उन्हें सुबह साढ़े 6 बजे दुकान से धुआं और लपटें उठने की जानकारी मिली थी। जब तक वह मौके पर पहुँचे और बचाव कार्य शुरू हो पाता, आग ने विकराल रूप ले लिया था। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया, जिसके बाद दमकल की गाड़ियों ने पानी की बौछार कर आग को बुझाया और इसे आसपास की दुकानों में फैलने से रोका।

इस हादसे में दुकान मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि आग लगने के कारण दुकान के भीतर रखे 5 बड़े फ्रिज और भारी मात्रा में रखा एव्हरफ्रेश का सामान जलकर राख हो गया है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस और फायर विभाग नुकसान का आकलन कर रहे हैं। गनीमत रही कि घटना सुबह जल्दी हुई, जिससे उस वक्त दुकान में या आसपास भीड़ नहीं थी और कोई जनहानि नहीं हुई।

# हॉस्पिटल के पास पान गुमटी से चल रहा था नशे का खेल

### पुलिस ने घेराबंदी कर तस्कर को दबोचा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में पान की गुमटी की आड़ में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बॉम्बे हॉस्पिटल जैसे व्यस्त इलाके में अपनी दुकान से गांजा और ब्राउन शुगर की सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से भारी मात्रा में गांजा और ब्राउन शुगर जब्त की है। पकड़ा गया आरोपी मल्हारगंज इलाके का रहने वाला है, जो अपनी गुमटी को नशे के अड्डे के रूप में इस्तेमाल कर रहा था।

थाना प्रभारी तारेश सोनी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि बुद्ध किरण भिडे नामक व्यक्ति अपनी पान की गुमटी की आड़ में अवैध नशे का कारोबार कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विजयनगर एसीपी पराग सैनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने जब बॉम्बे हॉस्पिटल के पास स्थित गुमटी पर दबिश दी, तो आरोपी को भनक लग गई और वह मौके से भाग निकला। पुलिस ने पीछा करना नहीं छोड़ा और आरोपी को मल्हारगंज स्थित उसके घर इंदिरा नगर से घेराबंदी कर दबोच लिया।



तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपी के पास से 1 किलो 743 ग्राम अवैध गांजा मिला, जिसकी बाजार में कीमत करीब 13 हजार रुपये है। इसके बाद जब उसकी गुमटी की बारीकी से जांच की गई, तो वहां से 2.6 ग्राम कीमती ब्राउन शुगर भी बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी बुद्ध किरण (38) पिता शेषराव भिडे के खिलाफ लसूड़िया पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है, जिससे अब यह पता लगाया जा रहा है कि वह यह नशा कहां से लाता था और शहर में उसके नेटवर्क में कौन-कौन शामिल हैं।

### गाय के साथ हरकत करने वाले की हिन्दूवादियों ने की बेल्ट से जमकर सुताई

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। राऊ थाना क्षेत्र में एक गाय के मुंह के सामने एक व्यक्ति अश्लील हरकत कर रहा था, जिसकी सूचना लोगों ने विहिप बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को दी। तत्काल घटना स्थल पर हिन्दूवादी पहुंचे और उन्होंने हरकती को पकड़ा और बेल्ट से दे दनादन जमकर सुताई काफी देर तक की और घटना स्थल से मारते-मारते इस अधेड़ को थाना तक ले गए और रास्ते में उद्घोष भी लगवाए कि गाय हमारी माता है, हरकत करना पाप है। इस मामले में गौरक्षक आकाश ठाकुर ने भी कड़ी निंदा की है और पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।



# हत्या के प्रयास के तीन आरोपी 6 घंटे में गिरफ्तार

### चाकूबाजी कर हुए थे फरार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**पलासिया थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जानलेवा हमले के एक गंभीर मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने वारदात के मात्र 6 घंटे के भीतर हत्या के प्रयास में शामिल तीन शातिर आरोपियों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी मूल रूप से खंडवा के निवासी हैं, जिन्होंने मामूली विवाद के बाद एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला किया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है।**







घटनाक्रम के अनुसार, गणेश नगर निवासी फरियादी राजेश शर्मा ने थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 8 फरवरी की रात अपने मित्र धर्मेंद्र के साथ बड़वानी प्लाजा स्थित फ्लैट पर मौजूद था। इसी दौरान पास में ही रहने वाले आरोपी शुभम, पंकज और पंकज पुरी ने बिना किसी कारण के उनके घर का दरवाजा खटखटाया और विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपियों ने राजेश पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारी पलासिया सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों का पीछा किया और महज 6 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों शुभम पिता दिलीप कुमार, पंकज पिता लक्ष्मण और पंकज पुरी पिता किशोर पुरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपी खंडवा के रहने वाले हैं और यहां अस्थाई रूप से रह रहे थे।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।